● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 140, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 27 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



भड़काऊ नारे न लगाएं: योगी 5



पंत ने टेस्ट करियर की बेस्ट रैंक हासिल की 6

## लोकतंत्र हमारी जीवन शैली की है आत्मा : डॉ. यादव

### लोकतंत्र भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग, लोकतंत्र ही हमारी पहचान है

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकतंत्र भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग है। यह केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली की आत्मा और पहचान है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र भारतीय जनमानस में पुराकाल से रचा-बसा है और इसकी जड़ें हमारी परंपराओं में गहराई तक फैली हुई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास में लोकतंत्र सेनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती में लोकतंत्र सेनानियों के अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हमारा वर्तमान लोकतंत्र उनके अनथक संघर्ष और बलिदान का ही परिणाम है। आज हम एक मजबूत और जवाबदेह लोकतांत्रिक व्यवस्था में जीवन व्यतीत कर रहे हैं, इसके मूल में लोकतंत्र सेनानी ही हैं। मुख्यमंत्री



डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र शासन को जवाबदेह बनाता है, नागरिकों को अधिकार देता है और प्रत्येक व्यक्ति को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है। लोकतांत्रिक प्रणाली ही हमारी विविधता में एकता को बनाए रखने का आधार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी का आह्वान किया कि लोकतंत्र की इस विरासत को आगे बढ़ाना हम सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। दुनिया हमारी ओर हैरत से देखती है कि यहां लोकतंत्र की जड़ें कितनी गहरी हैं। भारत देश सच्चे अर्थों में लोकतंत्र का जनक है। उन्होंने कहा कि हम सब लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाली विरोधी ताकतों से मिलकर लड़ेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों के हित में घोषणा करते हुए कहा कि अब 70 साल से अधिक आयु के सभी लोकतंत्र सेनानियों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क इलाज और आवश्यकता पड़ने पर पीएम एयर एम्बुलेंस की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2025 को रोजगार एवं उद्योग वर्ष के रूप में मनाने का फैसला किया है। प्रदेशवासियों के जीवन में उजाला लाने के लिए सरकार नित नई योजनाएं लेकर आ रही हैं। पात्र होने पर लोकतंत्र सेनानियों के परिजनों को भी इन सभी शासकीय योजनाओं में प्राथमिकता के अनुरूप लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजन के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं रखेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव, कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत एवं अन्य अतिथियों ने मीसा पत्रिका और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आपातकाल के दौरान लिखे गए पत्रों, विचारों, आलेखों से जुड़े संस्मरणों पर आधारित एक इमरजेंसी डायरी का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्नाटक के राज्यपाल श्री गहलोत, हरियाणा के पूर्व राज्यपाल श्री कप्तान सिंह सोलंकी, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और म.प्र. हिंदी ग्रंथ अकादमी के अध्यक्ष श्री अशोक कड़ेल को लोकतंत्र सेनानी होने के सम्मान स्वरूप ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रभारी मंत्री अपने-अपने प्रभार के जिलों में सभी लोकतंत्र सेनानियों को ताम्रपत्र देकर सम्मानित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किया है। आज 26 जून को लोकतंत्र सेनानी प्रादेशिक सम्मेलन हो रहा है। आपातकाल के दौर में लोकतंत्र सेनानियों की क्या चुनौतियां थी, ये मुझे बचपन में समझने का मौका मिला।

## शुभांशु शुक्ला तीन अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहुंचे आईएसएस

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और अन्य यात्रियों को लेकर स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया है। अंतरिक्ष यान करीब 28.5 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून गुरुवार को भारतीय समय के अनुसार शाम करीब 4:01 बजे आईएसएस से जुड़ा। डॉकिंग अनुक्रम भारतीय समयानुसार शाम 4:15 बजे पूरा हुआ। अंतरिक्ष यान के सॉफ्ट कैप्चर के बाद हार्ड-मेटिंग तब पूरी हुई जब दोनों ऑर्बिट बॉडी 12 हुक के सेट के साथ एक दूसरे से जुड़ गई और उनके बीच संचार और पावर लिंक स्थापित किए गए। यह पहली बार है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा पर गया है। अंतरिक्ष यात्रियों के अंतरिक्ष स्टेशन पर चढ़ने से पहले हैच खोलने की प्रक्रिया में लगभग दो घंटे लगते हैं। अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन मिशन कमांडर हैं और शुक्ला एक्सिओम-



4 मिशन के लिए मिशन पायलट हैं। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने बुधवार दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से आईएसएस के लिए सफल उड़ान भरी थी। स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल की सफल डॉकिंग पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, बधाई हो...एक्सिओम-4 डॉकिंग सफल रही। शुभांशु अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के द्वार पर खड़े हैं। भीतर कदम रखने के लिए तैयार, 14 दिनों की अंतरिक्ष यात्रा शुरू होने वाली है..और पूरा विश्व उत्साह और अपेक्षा के साथ देख रहा है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए सफल उड़ान भरने के साथ ही नया इतिहास रच दिया। तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ रवाना हुए शुभांशु की यह यात्रा 41 साल बाद किसी भारतीय की पहली अंतरिक्ष यात्रा है।

## छह साल से निष्क्रिय 345 पार्टियों की मान्यता होगी रद्द

### चुनाव आयोग ने शुरू की सूची से हटाने की प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपीएस) के लिए बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत गुरुवार को आयोग बताया कि उसने 345 पंजीकृत लेकिन गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपीएस) को सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग के अनुसार, इन दलों ने 2019 से अब तक यानी पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव में हिस्सा नहीं लिया है, जो पंजीकरण बनाए रखने की एक जरूरी शर्त है।

साथ ही चुनाव आयोग ने यह भी बताया कि इन पार्टियों के



कार्यालय भी कहीं पर भौतिक रूप से मौजूद नहीं हैं, यानी ये केवल कागज़ों पर ही दर्ज हैं। आयोग के अनुसार देश भर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ये 345 राजनीतिक दल सक्रिय होने का दावा करते हैं, लेकिन वास्तविक रूप से ऐसा कोई प्रमाण नहीं है।

बता दें कि फिलहाल चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में 2800 से ज्यादा आरयूपीपीएस दर्ज हैं, लेकिन इनमें से कई दल जरूरी शर्तें पूरी नहीं कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि ऐसे दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया जारी है ताकि चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और जिम्मेदार बनाया जा सके। गौरतलब है कि चुनाव आयोग इन दिनों लगातार एक्शन में नजर आ रहा है। कारण है कि बिहार के साथ-साथ कई राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने है। इसको लेकर आयोग ने बुधवार को घोषणा की कि आयोग बिहार के साथ-साथ पांच और राज्यों में मतदाता सूची की गहराई से समीक्षा करने जा रहा है।


## मिलकर काम करने से नशे की बुराई खत्म होगी: रेखा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर सीएम ने कहा कि नशे को खत्म करने के लिए हम सभी को एक टीम बनाकर मिलकर काम करना होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, इस वर्ष 2025 में हमारी दिल्ली पुलिस ने नशे के कारोबार में शामिल 1100 लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और जितनी भी नशीली दवाएं मिलीं, उन्हें जब्त किया है।

## चीन-पाकिस्तान की मिलीभगत पर भारत का बड़ा वार

### राजनाथ सिंह ने एससीओ में साझा बयान पर नहीं किए दस्तखत

**किंगदाओ।** चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने एक बार फिर आतंकवाद के मुद्दे पर अपना सख्त रुख साफ कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साझा बयान पर साइन करने से इनकार कर दिया क्योंकि इसमें हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र तक नहीं था, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। नतीजतन, एससीओ सम्मेलन के बाद कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया। सूत्रों के मुताबिक, चीन जो इस बार एससीओ का



अध्यक्ष है और उसका सबसे पक्का दोस्त पाकिस्तान, दोनों ने मिलकर स्टह्व के दस्तावेज में आतंकवाद पर फोकस कम करने की कोशिश की। लेकिन भारत ने इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए अपने पक्ष से कोई समझौता नहीं किया। खासतौर पर कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले को लेकर भारत ने यह साफ कर दिया कि आतंकवाद पर कोई नरमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना उस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ देश अपनी नीतियों में सीमा पार आतंकवाद को एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं और आतंकियों को पनाह दे रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि ऐसे दोहरे मापदंड को खत्म करना बेहद जरूरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए।

## एअर इंडिया हादसे के बाद मिले ब्लैक बॉक्स की जांच जारी

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एअर इंडिया हादसे के बाद मिले ब्लैक बॉक्स के जांच से जुड़ी जानकारी साझा की है। मंत्रालय ने बताया है कि 24 जून को फ्रंट ब्लैक बॉक्स से क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल (सीपीएम) को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया और 25 जून को मेमोरी मॉड्यूल को सफलतापूर्वक एक्सेस किया गया और इसका डेटा एएआईबी लैब में डाउनलोड किया गया। सीवीआर और एफडीआर डेटा का विश्लेषण जारी है।

## हम झूठी धमकियों से नहीं डरते: पाटिल




**नई दिल्ली।** सिंधु जल संधि पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा, यह फैसला भारत सरकार और प्रधानमंत्री का है। संधि स्थगित होने के बारे में कोई अपडेट नहीं है। जो भी फैसला लिया जाएगा, उससे देश को ही फायदा होगा। संधि पर बिलावल भुट्टो के कथित बयान पर पाटिल ने कहा, पानी कहीं नहीं जाएगा, वह जो कहते हैं, वह उनका अपना सवाल है। हम झूठी धमकियों से नहीं डरते। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने बेफिजूल बयान देते हुए कहा था कि यदि भारत सिंधु जल संधि के तहत इस्लामाबाद को पानी का उचित हिस्सा देने से इनकार करता है, तो उनका देश युद्ध की ओर बढ़ेगा। दरअसल, पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के तुरंत बाद भारत ने 1960 के समझौते को स्थगित कर दिया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले हफ्ते इस ऐतिहासिक समझौते को कभी बहाल न करने की घोषणा की थी।

## ईरान-इस्राइल में अगले हफ्ते बातचीत संभव: ट्रंप

**हेग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दुनिया का ध्यान खींच लिया है। उन्होंने दावा किया है कि अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह तबाह कर दिया है और अगले हफ्ते अमेरिकी और ईरानी अधिकारियों के बीच बातचीत हो सकती है। हालांकि, ईरान ने ऐसे किसी भी संभावित संवाद से साफ इनकार किया है और अमेरिका पर भरोसा न होने की बात कही है।

नीदरलैंड के हेग शहर में चल रहे नाटो देशों के शिखर सम्मेलन में ट्रंप ने कहा कि फिलहाल वह ईरान



से बातचीत को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं हैं, लेकिन फिर भी बैठक हो सकती है। ट्रंप ने कहा कि हम शायद कोई समझौता साइन करें, शायद न करें। मेरे नजरिए से जरूरी नहीं। उन्होंने लड़ाई की, अब युद्ध खत्म हो चुका है। ट्रंप का इशारा बीते हफ्ते ईरान पर हुए अमेरिकी हमलों की तरफ था।

ट्रंप के दावे पर ईरान ने कड़ा रुख अपनाया है। ईरानी संसद ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग खत्म करने का प्रस्ताव पास करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। एक ईरानी अधिकारी ने कहा कि अमेरिका पर भरोसा करना मुश्किल है, खासकर तब जब उसने हमारे परमाणु ठिकानों पर हमले किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 13 जून को इस्राइल ने ईरान के टॉप मिलिट्री कमांडरों, वैज्ञानिकों और परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके बाद 22 जून को अमेरिका ने नतान्ज़, फोर्डो और इस्फहान जैसे अहम परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए। ट्रंप ने दावा किया कि इन हमलों में ईरान का पूरा न्यूक्लियर इन्फ्रास्ट्रक्चर ध्वस्त हो गया है। ट्रंप ने कहा कि हमने सब कुछ तबाह कर दिया। सुरंगें ध्वस्त हो गईं, पूरा सिस्टम बर्बाद हो चुका है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो को उन्होंने ईरान से संभावित समझौते का ड्राफ्ट तैयार करने को कहा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि प्रस्तावित बातचीत परमाणु मुद्दे पर ही होगी या व्यापक शांति समझौते को लेकर होगी।

## सांप्रदायिक लोग ही धर्म निरपेक्षता और समाजवाद का विरोध करते हैं : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवाद और धर्म निरपेक्षता की सोच लोगों को करीब लाती है। इनका विरोध करने वाले लोग सांप्रदायिक होते हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान पर पलटवार किया जिसमें उन्होंने कहा था कि संविधान में धर्म निरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात है।

अखिलेश यादव ने कहा कि धर्म निरपेक्षता की सोच देश की गंगा-जमुनी तहजीब की हिफाजत करती है। अलग-अलग धर्म के लोगों को एक दूसरे से जोड़ती है। इससे हमारा समाज मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि एकाधिकारीवादी लोग समाजवाद का विरोध करते हैं क्योंकि इससे उनका वर्चस्व कमजोर होता है। सोशलिस्ट और सेकुलर होने के लिए बड़े दिलवाला होना चाहिए।

## दोपहिया वाहनों के लिए टोल पर छूट पूरी तरह जारी रहेगी

**नई दिल्ली।** गुरुवार को दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने की खबरें वायरल होने लगीं। हालाकिं, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसपर सफाई देते हुए इन खबरों को गलत बताया है। उनका कहना है कि ये खबरें भ्रामक हैं और पूरी तरह से गलत हैं। नितिन गडकरी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा, कुछ मीडिया संस्थान दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने के बारे में भ्रामक खबरें फैला रहे हैं। ऐसा कोई निर्णय प्रस्तावित नहीं है। दोपहिया वाहनों के लिए टोल पर छूट पूरी तरह जारी रहेगी।

## गुजरात में बोटाद से आप विधायक ने दिया इस्तीफा

### थोड़ी देर बाद ही पार्टी से निर्लंबित किए गए

**अहमदाबाद।** गुजरात में आम आदमी पार्टी के बोटाद विधायक उमेश मकवाना ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पत्र में लिखा, ...इस समय मेरी सामाजिक सेवाएं कम हो रही हैं, इसलिए मैं आम आदमी पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे रहा हूं। मैं पार्टी के लिए कार्यकर्ता के तौर पर काम करूंगा। इसके थोड़ी देर बाद ही उन्हें पार्टी से पांच साल के लिए निर्लंबित कर दिया गया। आप गुजरात के अध्यक्ष इसुदान गढ़वी ने ट्वीट किया, उमेश मकवाना को पार्टी विरोधी और गुजरात विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण पार्टी से पांच साल के लिए निर्लंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, मैंने 20 साल तक भाजपा में अलग-अलग पदों पर काम किया। उस समय जब गुजरात में आप को कोई पहचानता भी नहीं था, तब मैंने सत्तारूढ़ भाजपा पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी ज्वाइन की थी। आज आप में मुझे लगता है कि हम डॉ. बीआर आंबेडकर के सिद्धांतों से भटक रहे हैं। इसलिए मैंने आम आदमी पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है।

मैं पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर काम करना जारी रखूंगा। मैं बोटाद के लोगों के बीच जाऊंगा।

## हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की दोस्त, विदेशी का विरोध न हो : शाह

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र सरकार के राजभाषा विभाग की स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लिया। उन्होंने कहा कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं है, बल्कि सभी भारतीय भाषाओं की मित्र है। शाह ने कहा कि किसी भी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में सोचने, बोलने के साथ-साथ अभिव्यक्त करने की भावना को प्रोत्साहित करना चाहिए।

शाह ने सभी राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे स्थानीय भाषाओं में चिकित्सा और



इंजीनियरिंग जैसी उच्च शिक्षा प्रदान करने की पहल करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार इस दिशा में राज्यों को हरसंभव सहयोग देगी। गृह मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रशासनिक कार्यों में भारतीय भाषाओं का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच प्रतिस्पर्धा को लेकर अमित शाह ने कहा, भाषाएं मिलकर देश के सांस्कृतिक आत्मगौरव को ऊंचाई तक ले जा सकती हैं। उन्होंने मानसिक गुलामी की भावना से मुक्ति पाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि जब तक कोई व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व महसूस नहीं करता और खुद को उसी भाषा में अभिव्यक्त नहीं करता, तब तक वह पूरी तरह आजाद नहीं हो सकता। गृह मंत्री ने कहा, भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, यह राष्ट्र की आत्मा होती है। इसलिए भारतीय भाषाओं को जीवित और समृद्ध बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय भाषाओं का विकास हो, इसके लिए जरूरी है कि आने वाले समय में समर्पित प्रयास किए जाएं। विशेष रूप से राजभाषा हिंदी के लिए ऐसा करना होगा।

शाह ने राजभाषा विभाग की 50 वर्षों की यात्रा (1975 से 2025) को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि जब भारत अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा, तब हिंदी भाषा स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि इसकी मदद से देश की प्रतिष्ठा दोबारा स्थापित करने के प्रयास किए जा सकते हैं।

गृह मंत्री ने सभी भारतीय भाषाओं के प्रेमियों और राजभाषा हिंदी के शुभचिंतकों को स्वर्ण जयंती वर्ष की बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए एकजुट होकर समर्पित प्रयास करने होंगे। शाह ने जिस तरह भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने और विदेशी का विरोध न करने की बात कही है, इसे भारत में भाषायी सौहार्द, आत्मगौरव, और मातृभाषा के सम्मान को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश माना जा रहा है।

# सिंगरौली उगल रहा जन आक्रोश की ज्वाला

## कभी भी ले सकती है ज्वालामुखी का रुप, आखिर कौन होगा जिम्मेदार

### कचनी में चला 10 घंटे तक चक्काजाम, आधी रात को उठा मृतक का शव




**सिंगरौली।** सिंगरौली में सड़क दुर्घटनाओं ने आम जनता को झकझोर कर रख दिया है। आए दिन मौत का तांडव सिंगरौली में हो रहा है अब तो जन आक्रोश का ज्वाला उगल रहा है जिस तरीके से जनता में जन आक्रोश फैल रहा है वह कभी भी विकराल रूप लेते हुए ज्वालामुखी की तरह फट सकता है अगर समय रहते प्रशासन आगाह नहीं हुआ तो कुछ भी हो सकता है और इसका जिम्मेदार कौन कहलाएगा। बीते बुधवार को कचनी विजय बंधु पेट्रोल के पास एक युवक की मौत हो गई थी मौत के बाद तकरीबन 10 घंटे तक चक्का जाम चला और आधी रात को युवक का शव सड़क से उठाया गया।

गौर तलब हो कि सिंगरौली में कोल वाहनो के साथ-साथ हैवी वाहनों से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं के चलते सिंगरौली की धरती खून की प्यासी हो गई है और बलि लेने में कोई और कसर नहीं छोड़ रही हैं। और दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है प्रतिदिन हो रही घटनाओं के चलते घरों के चिराग बूझ रहे हैं और किसी न किसी का सुहाग उजड़ रहा है माता की गोद सूनी हो रही है और पुत्र पुत्री से पिता का साया उठ रहा है आखिर यह सब कब तक होता रहेगा। या फिर इस तरह की घटना अनवरत जारी रहेगी। जिले के बैढ़न, सरई, बरगवा और जियावन क्षेत्र में अधिकांश घटनाएं घटित हो रही है उसकी सबसे बड़ी वजह यह बताई जाती है कि इस क्षेत्र में कोयला वाहनों की आवाजाही मुख्य कारण माना जा रहा है। हैवी वाहनों की धमा चौकड़ी के चलते घटनाएं कारित हो रही है और इन घटनाओं पर लगाम कसने में जिला प्रशासन और पुलिस महकमा कहीं ना कहीं उदासीन रवैयां अपना रहा है। जिसके वजह से घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। इधर बता दें कि माड़ा थाना क्षेत्र के बंधौरा चौकी के गडाखाड मैं सड़क दुर्घटना के बदौलत जन आक्रोश ने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई थी। वही सरई बाजार में इसी माह एक बस ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मारते हुए बाइक को आधा किलोमीटर तक घसीटा था जिसमें बाइक जलकर खाक हो गई थी वहीं घटनास्थल पर एक की मौत हो गई थी और दूसरा बाइक चालक का इलाज अभी भी जबलपुर में चल रहा है उस दौरान भी रात्रि में सरई थाने का घेराव ग्रामीणों ने किया था। आखिर रोज़ हो रही घटनाएं आम जनता को झकझोर कर रख दिया है और जनता पुलिस व जिला प्रशासन को सचेत कर रही है आखिर इन घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस पहल की जाए। लेकिन पुलिस व जिला प्रशासन घटना कारित होने के बाद आम जनता का विरोध प्रदर्शन को देखकर कई वायदे करती है लेकिन जब सड़क से शव उठ जाता है तो यही पुलिस व प्रशासन सभी वायदे को भूल जाता है आखिर यह सब कब तक चलता रहेगा या फिर जनता का जन आक्रोश कभी ज्वालामुखी का रूप न ले ले इसके पहले पुलिस व जिला प्रशासन को कोई ठोस निर्णय लेना होगा ताकि घटनाओं पर लगाम कसा जा सके।

### 10 घंटे तक रोड पर पड़ा रहा मृतक का शव

कथुरा निवासी विनय पांडेय पिता संतोष पांडेय उम्र 22 वर्ष की विजय बंधु पेट्रोल पंप के सामने कचनी मैं एक ट्रक से एक्सीडेंट होने के चलते घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद जन आक्रोश की ज्वाला इस कदर भड़की की देखते-देखते हजारों की तादात में लोगों का हुजूम उमड पडा। चक्का जाम के साथ-साथ जन आक्रोश में ट्रक में पेट्रोल डाल दिया शीशे तोड़ दिए और मोरवा टीआई उमेश प्रताप सिंह के हाथ में पत्थर लग गया। विरोध के स्वर को प्रशासन ने भी भांप लिया था। स्थिति तनाव पूर्ण हो चुकी थी। मुख्य मार्ग पर मृतक विनय पांडे का शव 10 घंटे तक पढ़ा रहा और कोई निष्कर्ष नहीं निकल पा रहा था लोगों की मांग थी कि कोल वाहन मुख्य मार्ग से बंद कराया जाए। बताया जाता है कि आधी रात को मृतक का शव सड़क से उठाया गया। वही दो दिन पूर्व परसौना में इसी तरह की घटना हुई थी जहां एक दूध वाले की मौत हो गई थी। आखिर जनता कितना बर्दाश्त करें। प्रशासन सोचने समझने को तैयार नहीं है ऐसा ना हो कि जनता का आक्रोश जिला प्रशासन व पुलिस को कहीं भुगतना न पड़ जाए।

**क्या मुआवजा है सॉल्यूशन**

सिंगरौली में कोई सड़क दुर्घटना होती है तो सबसे पहले मुआवजा को लेकर बात की जाती है कितना मिलेगा और कितना दोगे, जब तक इतना नहीं मिलेगा तब तक सड़क से शव नहीं उठाएंगे। आखिर यह क्या हो रहा है। मौत की कीमत महज 2 से 4 लाख रुपए जिला प्रशासन लगा रहा है। कब तक हम सब बिकते रहेंगे। इसलिए सतर्क और सावधान होने की जरूरत है। मौत की कीमत पैसे से नहीं लगाई जा सकती है जिला प्रशासन और पुलिस के साथ मंथन करने की जरूरत है कि आखिर सड़क दुर्घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है और किसी की जिंदगी को कैसे बचाया जा सकता है। नहीं तो हम ऐसे बिकते रहेंगे और खरीददार खरीदते रहेंगे।

# सब्जी मंडी है या फिर तलैया

## मंडी सचिव भाग रहे जिम्मेदारियां से, उगाही में तैनात कर्मी



**सिंगरौली।** कृषि उपज मंडी सिंगरौली के सब्जी मंडी के हालात बद से बत्तर हो चुका है। ऐसा लगता है कि यह सब्जी मंडी नहीं कोई तलैया है। कृषि उपज मंडी की व्यवस्था को लेकर मंडी सचिव अपनी जिम्मेदारियां से भाग रहे हैं और सिर्फ उगाही के लिए एक कर्मी तैनात किए हैं जो सुबह से लेकर दोपहर तक मंडी के गेट और मंडी के अंदर सब्जी वालों से वसूली में संलिप्त है।

आलम यह है कि कृषि उपज मंडी बिलौंजी बैढ़न के हालात बेहद खराब हो चुका है बारिश के दौरान स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि मंडी के अंदर प्रवेश करना यानी कीचड़ में लथपथ हो जाना है। मंडी के अंदर बारिश होने के बाद चारों तरफ कीचड़ ही कीचड़ लबालब नजर आता है और इसी कीचड़ में सब्जी व्यापारी सब्जी का विक्रय करने को मजबूर हैं और आम जनता सब्जी खरीदने को मजबूर है जब तक घर में सब्जी नहीं पहुंचेगी तो खाने का स्वाद नहीं बन पाएगा लेकिन सब्जी मंडी के जो हालात हैं उस दुख दर्द को सब्जी व्यापारी भी बयां करते नजर आते हैं। कई सब्जी व्यापारियों ने बताया कि हम लोग कई बार मंडी सचिव और नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को मंडी की बदहाल व्यवस्था को लेकर बता चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है इस कीचड़ में हम लोग सब्जी बेचने को मजबूर है कोई सुनने को तैयार नहीं हो रहा है। कृषि उपज मंडी के अंदर संचालित सब्जी मंडी में कीचड़ के चलते इतनी दुर्गंध फैली है कि लोगों को मुख पर रुमाल या तोलिया लगाकर सब्जी खरीदना पड़ रहा है इसके बावजूद मंडी सचिव उदासीन रवैयां अपना रहे हैं।

# माजन मोड़ पर हादसे को निमंत्रण दे रहा गड्ढा



**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न के समीपी माजन मोड़ सड़क मार्ग पर एक गड्ढा हादसे को निमंत्रण दे रहा है। यहां पर सड़क धसक गई है। दरअसल माजन मोड़ पर सड़क अचानक धसक गई है। जिसके कारण गड्ढा बन जाने से बाईक सवार आये दिन गिर कर घायल हो जा रहे हैं। यहां गड्ढा पिछले एक सप्ताह से बना हुआ है। जहां अधिकारियों को नजर नही आ रहा है। बताया जाता है कि सबसे ज्यादा बारिश के दिन वाहन चालको को परेशानी उठानी पड़ रही है। गड्ढे में पानी भर जाने से पता नही चल पाता है। जिसके कारण दो पहिया वाहन चालक आये दिन हादसो के शिकार हो रहे हैं। माजन मोड़ के नागरिको ने सड़क में निर्मित गड्ढों का शीघ्र मरम्मत कराये जाने की मांग नपानि के मेयर व आयुक्त से की है।

# मुख्यमंत्री के जिलें में प्रस्तावित भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**सिंगरौली।** जिले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम का स्थल सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में पहुंच कार्यक्रम स्थल में की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया गया। उन्होने हेलीपैड के लिए की गई व्यवस्थाओ के साथ ही वाहनों के चिन्हित पार्किंग स्थलों का भी भ्रमण कर व्यवस्थाओ का अवलोकन किया गया तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों आवश्यक निर्देश दिए गए।



विदित हो कि जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिले के देवसर अनुभाग अंतर्गत तहसील सरई में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसके तहत निर्धारित कार्यक्रम स्थल सरई में ही कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिन अधिकारियों को कार्यक्रम के लिए दायित्व सौंपा गया है अधिकारी सौंपे गए कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कर नोडल अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेंद्र सिंह नागेश के माध्यम से प्रगति प्रतिवेदन दिया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के द्वारा जिले के जिन विकास कार्यो का लोकापर्ण भूमिपूजन कराया जाना है उनकी सूची तैयार कर विकास कार्यो की शिलापट्टीका तैयार कराये। साथ ही कलेक्टर ने कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर सभा स्थल पर अग्निशमक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था सहित शौचालय आदि के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम देवसर अखिलेश सिंह, एसडीएम माड़ा राजेश शुक्ला, तहसीलदार सरई चन्द्र शेखर मिश्रा, खनिज अधिकारी आकांक्ष पटेल, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब ऑफ बैंढ़न सिटी की बैठक संपन्न, सुरेन्द्र सोनी नए अध्यक्ष घोषित

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय स्थित होटल सत्या इंटरनेशनल के सभागार में लायंस क्लब ऑफ बैंढ़न सिटी की सत्र 2024-25 की अंतिम बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता कार्यवाहक अध्यक्ष विकास गोयनका ने की, जिन्होंने क्लब की अब तक की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी।



बैठक में आगामी सत्र के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से सुरेन्द्र सोनी को क्लब का नया अध्यक्ष चुना गया। साथ ही विनम्र सिंह को सचिव और वीरेन्द्र गुप्ता को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मुख्य रूप से नए सेवा कार्यों एवं शेष ड्यूज के संबंध में विशेष रूप चर्चा की गई, जिससे क्लब का संचालन सुचारू रूप से चल सके। वहीं पर घोषित नए अध्यक्ष द्वारा आगे आने वाले डॉक्टर्स डे एवं इंजीयर डे मनाए जाने हेतु आवश्यक सुझाव आमंत्रित किए गए।इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य व पदाधिकारी एसडी सिंह, सजन अग्रवाल, डॉ.डीके मिश्रा, कामतानाथ केसरवानी, विकास गोयनका, सुरेन्द्र गुप्ता, इम्तियाज अहमद, जगदीश कटारे, संजय ताम्रकार, ऋषभ अग्रवाल, अशोक कुमार केसरी, जम्मू बेग, नारायण दास गुप्ता, अजय गुप्ता, बृजेश कुमार सोनी, प्रदीप अग्रवाल, विवेक कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक में आने वाले सत्र के लिए सेवा कार्यों की रूपरेखा भी तय की गई।

## जिला स्तरीय कार्यक्रम 27 जून को कलेक्ट्रेट में

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 27 जून को रतलाम में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव का सीधा प्रसारण जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के रोजगार, स्वरोजगार और योजनाओं से स्किलिंग लाभान्वित हितग्राहियों को मंच से हितलाभ पत्र वितरित किए जाएंगे। कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने संबंधित विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए है कि अपने विभाग के स्वरोजगार योजनाओं के हितग्राही जिन्हे हितलाभ का वितरण किया जाना है उनके साथ नियत समय पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करेगे।

# गौड़बहरा में आजीविका मिशन द्वारा किए गए वृक्षारोपण स्थलों का कलेक्टर ने किया भ्रमण

**सिंगरौली।** कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला पंचायत गजेंद्र सिंह द्वारा आज आजीविका मिशन के द्वारा ग्राम गौड़बहरा में किए गए वृक्षारोपण स्थल भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने लाभार्थी परिवारों द्वारा लगाए गए पौधों की स्थिति देखी और उनके रखरखाव की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने हितग्राहियों को पौधों की नियमित सिंचाई, देखरेख एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान आम, नीम, पीपल एवं सहजन जैसे पौधों की प्रजातियों की प्रगति देखी गई। कलेक्टर श्री शुक्ला ने कहा कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे ग्रामीण आजीविका को भी मजबूती मिलती है। सीईओ श्री गजेंद्र सिंह ने समूहों की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि यदि सभी समूह इसी तरह समर्पण से कार्य करें, तो ग्राम हरियाली के साथ-साथ स्वावलंबन की ओर अग्रसर होगा।

# आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर लोकतंत्र रक्षा संकल्प के साथ एबीवीपी का प्रदर्शन

**सिंगरौली।** 25 जून 1975 को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला दिन था, जब तत्कालीन सरकार ने आपातकाल घोषित कर नागरिक अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संविधान की गरिमा को कुचल दिया। इस घटना की 50वीं बरसी पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिंगरौली द्वारा अंबेडकर चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया।



कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियाँ लेकर और नारे लगाकर इस दिन को काला दिवस के रूप में याद किया। तख्तियों पर तानाशाही नहीं, लोकतंत्र चाहिए, 1975 मत भूलो, लोकतंत्र की हत्या हुई थी आपातकाल नहीं था ज़रूरत, यह था सत्ता का अहंकार जैसे संदेश लिखे थे। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि आपातकाल केवल एक राजनैतिक घटना नहीं थी, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र, संविधान और जनता की आवाज़ पर सीधा हमला था।प्रदर्शन के दौरान युवाओं को जागरूक करते हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि आज के समय में लोकतंत्र की रक्षा करना केवल नेताओं की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। एबीवीपी का यह प्रदर्शन इस बात का प्रतीक है कि आज का युवा भारत संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को समझता है और किसी भी तानाशाही प्रवृत्ति के खिलाफ खड़ा हो सकता है।इस मौके पर विभाग सयोजक निखिल वर्मा ने कहा कि आज का युवा भारत अपने लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर सजग है और किसी भी प्रकार की तानाशाही प्रवृत्ति का पुरज़ोर विरोध करेगाकार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभाग सयोजक निखिल वर्मा , जिला संयोजक अभिषेक दिव्वेदी, राहुल विश्वकर्मा, स्मृति वैश ,प्रियंका सिंह ,स्नेह शाहू, अजीत शाह ,अभय केशरवानी , अनूप वर्मा ,शिवदास शाह,अमित शाह,विवेक दिव्वेदी , विष्णु शाह ,कमलेश वर्मा , निखिल ,अदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य उपकरणों से गांव में ही जांच एवं उपचार में मदद मिलेगी : विश्वामित्र

**सिंगरौली।** हमारी सरकार की मंशा है कि मरीजों को ग्राम स्तर पर ही बीमारियों की जांच की सुविधा एवं सामान्य बीमारियों के उपचार की सुविधा सुलभ हो। आज वितरित किए जा रहे स्वास्थ्य उपकरणों से निश्चित ही स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में मदद मिलेगी।उक्त आशय के विचार क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक ने बहरी मे आयोजित ,विधायक निधि से प्रदत्त स्वास्थ्य परिक्षण उपकरण वितरण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए । सामुदायिक भवन बहरी मे सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई तत्पश्चात आशा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । डॉ आर.




बी.पटेल बीएमओ एवं डॉ अमित वर्मा द्वारा आशा कार्यकर्ताओं एवं प्रतिभागियों को स्वास्थ्य उपकरणों के उपयोग के तरीकों तथा जांच परीक्षण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।कार्यक्रम में उपस्थित प्रिया पाठक एसडीएम सिहावल ने कहा कि वितरण किए जा रहे स्वास्थ्य उपकरणों के उपयोग के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर इनका आवश्यकतानुसार सही ढंग से क्रियान्वयन से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा है कि गांवों में निवासरत हर जरूरतमंद को इलाज के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए आयुष्मान भारत, दीनदयाल अंत्योदय उपचार योजना सहित कई योजनाएं संचालित की है ताकि हर गरीब परिवार को आसानी से ग्राम स्तर पर निःशुल्क या कम खर्चे में जांच एवं उपचार उपलब्ध हो सके।आज जो स्वास्थ्य परीक्षण उपकरण वितरित किए जा रहे हैं उसके उपयोग के संबंध में अच्छी तरह से समझ लें एवं हर जरूरतमंद को समय पर जांच एवं उपचार उपलब्ध कराए। मुख्य अतिथि ने आशा कार्यकर्ताओं का समय पर मानदेय एवं शासन द्वारा प्रदाय लाभ समय पर दिलाने के लिए निर्देशित किया।कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष बहरी पुष्पेन्द्र पाण्डेय ,मयापुर मंडल अध्यक्ष शिवकुमारी जायसवाल , दिलीप सोनी ,अशोक शुक्ला , भूपेन्द्र पाण्डेय , रितेश गुप्ता , नीरज सिंह चंदेल ,अवधेश सिंह ,लालजी पाण्डेय , कौस्तुभ सिंह , गंगा साकेत , हीरालाल जी सहित , स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आशा कार्यकर्ता स्वयं सेवी संस्था से अनिशा ,भाजपा के कार्यकर्ता गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने जनजातीय भाइयों के लिए सौगातों का पिटारा खोल दिया है : सांसद

## धरती आबा योजना का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन होः विधायक धौहनी

### धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**सीधी।** धरती आबा जनभागीदारी अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य तथा विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय भाईयों एवं बहनों के लिए सौगातों का पिटारा खोल दिया है। पीएम जनमन योजना तथा धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के माध्यम से जनजातीय वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति को पात्रतानुसार लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सांसद ने जिले में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। सांसद ने कहा कि योजनाओं से वंचित जनजातीय भाइयों को हितग्राही मूलक योजनाओं में सेचुरेशन की दृष्टि से तथा उनके निवास क्षेत्र में अधोसंरचना विकास के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। इन योजनाओं का लाभ सभी व्यक्तियों




को मिले यह जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों-कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। नर सेवा ही नारायण सेवा है। प्रधानमंत्री जी की मंशानुरूप घर-घर पहुंच कर जनजातीय भाइयों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाये। अधिकारी स्वयं भी मैदानी स्तर पर भ्रमण करें। सांसद ने कहा कि यह अभियान जनजातीय भाइयों-बहनों की जिंदगी में खुशहाली लाने का अभियान है। इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जावेगी।

विधायक धौहनी श्री टेकाम ने कहा कि पीएम जनमन योजना के माध्यम से प्रदेश की तीन पिछड़ी जनजातियों बैगा, भारिया एवं सहारिया को शासकीय योजनाओं में सेचुरेशन की दृष्टि विशेष अभियान चलाया गया था। जिसके उत्साहवर्धक परिणाम को देखते हुए प्रधानमंत्री जी ने जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में निवास करने वाले जनजातीय भाई-बहनों के लिए सभी हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित करने धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हो जिससे जनजातीय परिवारों तथा क्षेत्र का विकास होगा। अब कोई भी व्यक्ति शासन की योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे।

### नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून के अवसर पर सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थितजनों का नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होने कहा कि नशा नाश की जड़ है। देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवा पीढ़ी का नशे से दूर रहने की आवश्यकता है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान में जिले के 111 ग्राम पंचायतों के 174 ग्रामों की पीवीजीटी बैगा जनताति के 8664 परिवारों के 33752 व्यक्ति 09 मंत्रालयों की 11 सेवाओं से लाभान्वित हुए। अब धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से सीधी जिले के अदिवासी बाहुल्य 134 ग्रामों में 18 विभागों की 25 योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन किया जाना है। जिसके अंतर्गत 15 से 30 जून के मध्य सभी ग्रामों में शिविरों का आयोजना किया जा रहा है।

कार्यक्रम में अरविन्द पटेल एवं साथियों द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों को गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, पूजा सिंह कुशराम, संयुक्त कलेक्टर एसपी मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी अशोक तिवारी, सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग दीपक निगम सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी एवं हितग्राहीगण उपस्थित रहें।

# राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने किया संस्थाओं का निरीक्षण

### शासकीय अशासकीय छात्रावासों के कर्मचारियों का किया जायेगा पुलिस सत्यापनः मेघा पवार



**सीधी।** म.प्र. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती मेघा पवार द्वारा जिले में बाल अधिकार संरक्षण से संबंद्ध में विभिन्न विभागो यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति किशोर न्याय बोर्ड के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में 24 जून को समन्वय बैठक आयोजित की गयी।

श्रीमती पवार द्वारा समन्वय बैठक में सभी विभागों को निर्देशित करते हुये कहा गया कि जिले में श्रम विधियों का कड़ाई से पालन एवं श्रम विधियों का उल्लंघन करते हुये बच्चों को बालश्रम में नियोजित करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। साथ ही कूड़ा करकट बिनने वाले एवं सड़क पर रहने वाले बच्चों की पुनर्वास की कार्यवाही की म.प्र. सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए नीति 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत की जाये सभी बच्चों को विद्यालय में नामांकित कराया जाये। बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्रीमती पवार द्वारा पॉक्सों एक्ट के पीड़ितों को पुनर्वास के लिए एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि समिति पीड़ित बच्चे को सपोर्ट पर्सन एवं प्रतिकर एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध करा सके। श्रीमती पवार द्वारा निर्देशित किया गया कि जिले के समस्त शासकीय अशासकीय छात्रावासों मे कार्यरत कार्मचारियों का पुलिस चरित्र सत्यापन कराया जाये तथा विद्यालय वाहनों में कार्यरत चालक परिचालक का भी पुलिस सत्यापन कराया जाये एवं वाहनों की सुरक्षा आदि की जायें। म.प्र. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मेघा पवार द्वारा कस्तूरवा गांधी बालिका छात्रावास सेमरिया का औचक निरिक्षण किया गया एवं संस्था में बालिकाओं की समुचित सुरक्षा एवं शासन की मंशा अनुसार साधन सुविधा उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया।

बाल आयोग की बैठक में अपर कलेक्टर अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शांतशिरोमणि पयासी, सदस्य सचीन्द्र मिश्र, रंजना मिश्रा, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य निशा मिश्रा, धर्मेन्द्र शुक्ला एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## संविधान हत्या दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों के आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी होंगे नोडल

**सीधी।** शासन द्वारा 25 जून 2025 से 25 जून 2026 तक ''संविधान हत्या दिवस'' अंतर्गत राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों का आयोजन अधिकतम जन भागीदारी के साथ मनाये जाने हेतु निर्देश प्रसारित किये गये हैं। जिला मुख्यालय सीधी में संबंधित गतिविधियां और कार्यक्रम जिनमें व्याख्यान, डिबेट्स, निबंध प्रतियोगिताएं तथा इसी प्रकार के अन्य आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में खेत तालाबों से मिलेगी गिरते जल स्तर से राहत एवं कृषि उत्पादन में बढोत्तरी सम्भव

**सीधी।** प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 289 खेत तालाबों को प्रारम्भ कर 100 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करते हुए गर्मियों में घटते जल स्तर में सुधार हो सकेगा। खेत तालाब निर्माण कार्य मनरेगा योजना की अनूठी स्कीम है, जिसमें लघु एवं सीमांत कृषक के निजी खेत में खेत तालाब का निर्माण स्थानीय मजदूरों को रोजगार उपलब्ध करवाते हुए किया जाता है। इसका उद्देश्य खेत में जीवन रक्षक सिचाई हेतु पानी का सदुपयोग करना एवं जल स्तर में वृद्धि के साथ-साथ आजीविका मूलक गतिविधियों जैसे-मछली पालन एवं सिघाड़ा उत्पादन को बढ़ावा देना है। इस पूरे अभियान की प्रेरणा मुख्य कार्यालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज के निर्देशन में एवं रामपुर नैकिन जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव कुमार तिवारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सुनील शर्मा की भूमिका सराहनीय रही है।

# मेन फॉर ट्री पौध रोपण अभियान अंतर्गत अमहा तालाब में किया गया पौधरोपण

## जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठ्नों तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं ने किया पौधरोपण



**सीधी।** नगरीय क्षेत्र में हरित क्षेत्र का विस्तार पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने, पर्यावरण एवं नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली प्रदान करने एवं महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 5 जून से 31 अगस्त 2025 तक पौधों पर अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में अभियान के तहत समस्त तैयारी करते हुए अभियान के दौरान जल संरचनाओं के आसपास कैचमेंट एरिया हरित पार्क क्षेत्र, विभिन्न शासकीय संस्थाओं पब्लिक विद्यालय महाविद्यालय जल शोधन संयंत्र के पास तथा उपलब्ध रिक्त शासकीय भूमि आदि में नगरीय निकाय के द्वारा स्थल चिह्नित करते हुए वृहद पौधरोपण करने का निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं। अमृत 2.0 एवं डे एनयूएलएम के अभिसरण (कन्वर्जन) के माध्यम से वूमेन फॉर ट्री पौध रोपण अभियान के तहत सीधी नगर के वार्ड क्रमांक 23 में अमहा तालाब में नगर पालिका परिषद सीधी के द्वारा वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत सम्राट चौक से जिला पंचायत के मध्य डिवाइडरों एवं अमहा तालाब में 1000 पौधे लगाए गए। अमृत मिशन के वूमेन फॉर ट्री अभियान के तहत आम, जामुन, नीम, अमरूद, नीम,कचनार, पीपल, आवला, बरगद, मधुकामिनी, फॉक्सटेल पाम, पाईकस,अशोक इत्यादि पौधों का रोपण किया गया।

आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में नगर पालिका सीधी की अध्यक्ष काजल वर्मा, पार्षद कुमुदिनी सिंह, विभा सिंह, आनंद परियानी, रजनीश श्रीवास्तव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी मिनी अग्रवाल, नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी विनोद वर्मा, जय सिंह, रामपाल बंसल, सामाजिक संस्थाएं, शहरी स्व सहायता समूह की महिलाएं, पत्रकार, निकाय के अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा सहभागिता की गई।

# 21 दिवसीय बाल नाट्य कार्यशाला के समापन समारोह का हुआ भव्य शुभारंभ

## बाल नाट्य कार्यशाला के समापन में बाल कलाकारों ने बिखेरे कला के रंग

**सीधी।** सीधी की अग्रणी नाट्य संस्था इन्द्रवती नाट्य समिति एवं ष्टह ग्रूर पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क प्रस्तुति परक बाल नाट्य कार्यशाला के दो दिवसीय समापन समारोह के प्रथम संध्या बाल कलाकारों द्वारा कला का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मिनी अग्रवाल सीएमओ नगरपालिका सीधी उपस्थित रहीं जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद विभूति मिश्रा के निर्देशन में शास्त्रीय नृत्य,नृत्य नाटिका शिव ताण्डव और द्रौपदी चीरहरण की शानदार प्रस्तुति दी गई। तदुपरांत अजय कुमार की कविता संग्रह मां तुम कैसी थी बचपन में का काव्य मंचन रोशनी प्रसाद मिश्र के निर्देशन में किया गया जिसमें 21 कविताओं का कोलाज बनाया गया था, कविता मंचन में बाल जीवन के विभिन्न परिदृश्य देखने को मिले जिसमें आज के मोबाइल युग का



बच्चा भी शामिल था जो अपने मां बाप के परवरिश से वंचित मोबाइल में खो गया है और आज से एक शतक पहले का भी जो संघर्षों में भी मां बाप के कामों में हाथ बताते हुए जीवन को खुशहाल बनाता रहा।अंतिम प्रस्तुति प्रजीत साकेत के निर्देशन में बघेली लोकगीत की हुई जिसे सुनकर दर्शक मोहित हो गए। इस प्रकार बाल कलाकारों ने कला के विभिन्न रंग बिखेरे जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाला था। प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों में आर्यन सिंह, आर्यन डेहरिया, आयुष्मान सिंह, कान्हा मिश्र, आदित्य जायसवाल, अमर विश्वकर्मा, श्रेष्ठ सिंह, प्रखर श्रीवास्तव, अभिनय कुंदेर, आकांक्षा साहू, साक्षी गुप्ता, जीविका सिंह, सुमाक्षी राजपूत, अमृता लक्ष्मी यादव, दिव्यांश पाण्डेय, विख्यात चतुर्वेदी, धैर्य सिंह, अरुणोदय सिंह, सूरज साहू,प्रतीक पाण्डेय, अक्षत नारायण यादव, अनन्या सिंह, लक्ष्य सिंह, लक्ष्य गुप्ता,धर्मेंद्र कुमार पटेल,गौरव सिंह, वेदांश सिंह, शिव सिंह,इशिता पटेल, आकांक्षा माझी, मौसमी गुप्ता, आराध्या सेठ, अदिति पाण्डेय,कंचन साहू, सारिका निगम,सूर्यांश सिंह,प्रस्तुति उपरांत मुख्य अतिथि मिनी अग्रवाल ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं जब से सीधी आई तो पहली बार किसी कार्यक्रम में आई हूं, रोशनी प्रसाद मिश्र व सूर्यप्रकाश सिंह के विशेष आग्रह पर, मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि सीधी में इस तरह के आयोजन होते हैं, यहां आकर बहुत खुशी हुई कि इन्द्रवती नाट्य समिति और ष्टह ग्रूर पब्लिक स्कूल जैसी संस्थाओं द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है जो समाज को सही दिशा में चलते हुए अपनी कला संस्कृति के प्रति समर्पित रहने का संदेश देते हैं। अंत में सूर्यप्रकाश सिंह ने सभी अतिथियों व दर्शकों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन रोशनी प्रसाद मिश्र ने किया इस अवसर पर रंजना मिश्रा, कृष्ण कुमार द्विवेदी, राजकुमार सिंह, मानिंद शेर अली खान, संतोष द्विवेदी, श्रवण मिश्र, अखिलेश चौबे, अजय गुप्ता सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव की तैयारी बैठक सम्पन्न

**सीधी।** हिन्दू संगठनों के तत्वाधान में लगातार 41 वर्षो से भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी की पावन रथ-यात्रा का आयोजन जिले में किया जा रहा है इसी तारतम्य में रथ यात्रा महोत्सव समिति द्वारा तैयारी बैठक आहूत की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि



शोभायात्रा का शुभारम्भ पूजा पार्क सीधी से 27 जून की सायं 4 बजे किया जावेगा रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ स्वामी भक्तो के साथ अस्पताल चौक, सम्राट चौक, कोतवाली रोड, सराफा बाजार, पुराना हनुमान मंदिर, फूलमती माता मंदिर, नई गल्ला मण्डी, लालता चौक होते हुए भजन -कीर्तन मण्डली के साथ भक्तजनों की स्वागत आरती, पूजा, प्रसाद ग्रहण करते हुए पूजा पार्क पहुचेगे जहां महाप्रसाद का वितरण किया जावेगा। कार्यक्रम में सीधी सांसद व विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रहेगी । रथ यात्रा महोत्सव समिति ने अधिक से अधिक संख्या में भक्तजनों एवं हिन्दू संगठनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील है। मौसम अनुसार छाते व रेनकोट की व्यवस्था भक्तजनों को करके रखना है। बैठक में मुख्य रूप से लक्ष्मण सिंह जी पूर्व प्रांत अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, भोला प्रसाद गुप्ता कोषाध्यक्ष रथयात्रा महोत्सव समिति, विवेक चौरसिया जिला महामंत्री विश्व हिन्दू परिषद, अनिल मिश्रा जिला मंत्री विश्व हिन्दू परिषद, मुनिराज विश्वकर्मा पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष भाजपा, आलोक केशरी संभागीय अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन, श्रीमती संगीता गुप्ता जिला अध्यक्ष केसरवानी महिला सभा सीधी, श्रीमती मीनू गुप्ता उपाध्यक्ष केसरवानी महिला सभा सीधी, सहसंयोजक सत्यनारायण गुप्ता सहित संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नशा मुक्त भारत के लिए नशा जागरूकता और कल्याण विषय पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के कुशल मागदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकण श्री मुकेश कुमार शिवहरे एवं प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सुनीता रावत द्वारा गुरुवार दिनांक 26.06.2025 को नशा मुक्त भारत के लिए नशा जागरूकता और कल्याण विषय पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य था कि नशा के शिकार व्यक्तियों को न केवल स्वास्थ्यगत एवं मानसिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, बल्कि उन्हें न्यायिक एवं विधिक संरक्षण भी सुनिश्चित किय जाए जिससे वे पुनः समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें।




उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकण श्री मुकेश कुमार शिवहरे द्वारा बताया गया कि मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की जड़ों को भी कमजोर करता है। इस दौरान युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए उन्हें नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपने मित्रों को भी जागरूक करने का आव्हान किया गया। इसके अतिरिक्त श्री शिवहरे ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना, नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी। शिविर में प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सुनीता रावत ने कहा कि नशा एक सामाजिक अभिशाप है, जो युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है। इससे लड़ने के लिए हमें एकजुट होकर सजग सामाज का निर्माण करना होगा। इसके अतिरिक्त घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज प्रताड़ना, महिला हेल्पलाईन नं. 181, नालसा हेल्पलाईन नं. 15100, यौन उत्पीडन तथा महिला अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकादी दी गई।

इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सुनीता रावत जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, श्री उमाकांत शुक्ला, श्री राजेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### संयुक्त राष्ट्र की नई रपट ने बढ़ा दी चिंता, यौन हिंसा के मामले बढ़े

बच्चों के खिलाफ हिंसा न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी उन्हें चोट पहुंचाती है। बाद में उनके वयस्क जीवन में भी इसके प्रतिकूल परिणाम देखने को मिलते हैं। कानूनन सभी बच्चों को हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार से सुरक्षित रहने का अधिकार है। मगर, दुनिया भर में तमाम सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और विभिन्न धर्मों व समुदायों के लाखों बच्चे हर दिन हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार का शिकार होते हैं। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र की एक नई रपट ने चिंता बढ़ा दी है, जिसमें कहा गया है कि पिछले वर्ष दुनिया भर में संघर्षों के दौरान बच्चों के खिलाफ हिंसा व अन्य अपराध अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गए। वर्ष 2023 की अपेक्षा 2024 में बच्चों और किशोरों के खिलाफ हिंसा के मामलों में पच्चीस फीसद बढ़ोतरी हुई है। संयुक्त राष्ट्र की इस रपट को इसलिए भी गंभीरता से लेने की जरूरत है, क्योंकि बच्चों के खिलाफ अपराध कम होने के बजाय साल-दर-साल बढ़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संघर्षरत राष्ट्रों में बच्चों के खिलाफ 41,370 आपराधिक मामलों की पुष्टि की है, इनमें से 36,221 मामले वर्ष 2024 में सामने आए हैं और 5,149 मामले पहले के थे, जिन्हें पिछले साल सत्यापित किया गया। इसके अलावा 'द लैंसेट जर्नल' की एक हालिया रपट के मुताबिक, 1990 से 2023 के बीच दुनिया के 200 से ज्यादा देशों में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के मामले बढ़े हैं। इसमें गौर करने वाली बात यह भी है कि सामान्य मामलों में बहुत से लोग पुलिस के पास अपने बच्चों के खिलाफ हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार की शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाते हैं। जाहिर है कि वास्तविक मामलों की संख्या सत्यापित आंकड़ों से कहीं ज्यादा हो सकती है। दअरसल, सरकारों, नीति निर्माताओं और यूनिसेफ जैसे संगठनों पर बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने की जिम्मेदारी है और उन्हें अपने प्रयासों का गंभीरता से आकलन करना होगा। इसके अलावा धार्मिक और सामाजिक संगठनों से भी सहयोग की उम्मीद की जाती है। बच्चों में व्यक्तिगत सुरक्षा को बढ़ावा देना, बाल संरक्षण नीतियों को कड़ाई से लागू करना और अभिभावकों को जागरूक करने पर भी प्रमुखता से ध्यान देने की जरूरत है।

**पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर की अमेरिका यात्रा से जुड़े तथ्य धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं जोकि काफी चौंकाने वाले हैं। हम आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मुनीर के लंच से जुड़ी जो खबर पहले सामने आई थी उसमें कहा गया था कि अमेरिका ने ईरान पर हमले की स्थिति में पाकिस्तानी एअरबेस का उपयोग करने के मुद्दे पर बात की थी लेकिन अब जो बात सामने आ रही है वह काफी आश्चर्यजनक है। हम आपको बता दें कि कहा जा रहा है कि लंच कराने से पहले अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु संयंत्रों का नक्शा मुनीर को दिखाया गया और उनसे इस बात की पुष्टि करवाई गयी कि ईरान कहां पर परमाणु बम बना रहा है। इस मुलाकात के ठीक बाद ही अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने बंकर बलास्टर बम ईरान के परमाणु संयंत्रों पर गिराकर उसे तहस-नहस कर दिया था।**

# क्या मुनीर ने ही अमेरिका को दी थी ईरान के परमाणु ठिकानों की जानकारी?

(नीरज कुमार दुबे)

यह पहली बार नहीं है कि जब पाकिस्तान ने अपने किसी सहयोगी की पीठ में ही छुरा घोंपा हो। 2022 में काबुल में जब 9/11 हमले का षड्यंत्रकारी अयमान अल जवाहिरी मारा गया था तब भी यह बात सामने आई थी कि पाकिस्तान ने ही उसकी गुप्त लोकेशन के बारे में अमेरिका को बताया था।

पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर की अमेरिका यात्रा से जुड़े तथ्य धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं जोकि काफी चौंकाने वाले हैं। हम आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मुनीर के लंच से जुड़ी जो खबर पहले सामने आई थी उसमें कहा गया था कि अमेरिका ने ईरान पर हमले की स्थिति में पाकिस्तानी एअरबेस का उपयोग करने के मुद्दे पर बात की थी लेकिन अब जो बात सामने आ रही है वह काफी आश्चर्यजनक है। हम आपको बता दें कि कहा जा रहा है कि लंच कराने से पहले अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु संयंत्रों का नक्शा मुनीर को दिखाया गया और उनसे इस बात की पुष्टि करवाई गयी कि ईरान कहां पर परमाणु बम बना रहा है। इस मुलाकात के ठीक बाद ही अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने बंकर बलास्टर बम ईरान के परमाणु संयंत्रों पर गिराकर उसे तहस-नहस कर दिया था। इसलिए सवाल उठ रहा है कि अगर पाकिस्तान ने ही अमेरिका को ईरान के परमाणु ठिकानों के बारे में जानकारी लीक की थी तो इस्लामाबाद ने डबल गेम क्यों खेला? एक ओर वह अमेरिका को ईरान की खुफिया जानकारी मुहैया करा रहा था तो दूसरी ओर अमेरिकी हमले की निंदा करते हुए ईरान के साथ खड़ा होने की नौटंकी भी कर रहा था। हम आपको बता दें कि यह पहली बार नहीं है कि जब पाकिस्तान ने अपने किसी सहयोगी की पीठ में ही छुरा घोंपा हो। 2022 में काबुल में जब 9/11 हमले का षड्यंत्रकारी और अल कायदा का प्रमुख अयमान अल जवाहिरी मारा गया था तब भी यह बात सामने आई थी कि पाकिस्तान ने ही उसकी गुप्त लोकेशन के बारे में अमेरिका को बताया था।

अमेरिका जानता है कि ईरान ही नहीं बल्कि कई और देश जो अपना परमाणु कार्यक्रम चला रहे हैं उन्हें किसी ना किसी तरह पाकिस्तान का सहयोग मिलता है। अमेरिका



जानता है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम में भी पाकिस्तान मदद कर रहा है इसलिए वही एक ऐसा देश था जोकि ईरानी परमाणु ठिकानों के बारे में सही जानकारी दे सकता था। इसके लिए ट्रंप ने मुनीर के आगे एक नॉन वेज थाली क्या रखी वो सब कुछ उगलते चले गये। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान ने ही परमाणु तकनीक ईरान, लीबिया और उत्तर कोरिया तक पहुंचाई है। जिस तरह पाकिस्तान अपने परमाणु संपन्न देश होने का फायदा उठाते हुए 'परमाणु ब्लैकमेलिंग' करता है और वित्तीय सहायता और राजनीतिक रियायतें लेता रहता है वैसा ही ईरान भी ना करने लगे इसके लिए अमेरिका और इजराइल उसे रोकना चाहते हैं।

हम आपको यह भी बता दें कि ईरान और पाकिस्तान में एक बड़ी समानता भी है। पाकिस्तान और ईरान ने चरमपंथ और आतंकवाद को विदेश नीति का उपकरण बना लिया है। ईरान ने हूती विद्रोहियों, हिजबुल्ला, बशर अल-असद की सेना और इराकी मिलिशियाओं के माध्यम से पूरे क्षेत्र में अपने प्रभाव को बढ़ाया है तो वहीं पाकिस्तान ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों को कश्मीर में आतंकवाद फैलाने के लिए समर्थन दिया। इसके अलावा, पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में वर्षों तक गृहयुद्ध को भड़काने वाले गुटों को पाल-पोस कर तैयार किया। देखा जाये तो यह सभी गतिविधियाँ अलग-अलग नहीं हैं बल्कि यह राज्य-प्रायोजित चरमपंथ और आतंकवाद की सुनियोजित रणनीति है। साथ ही इन देशों ने स्थानीय समुदायों जैसे- बलूच, पश्तून, कुर्द, अहवाज़ी अरब और अज़ेरी तुर्कों पर जमकर अत्याचार भी किए हैं।

हम आपको यह भी बता दें कि जैसे ही 13 जून से इज़राइल ने ईरान पर सैन्य हमले शुरू किए वैसे ही पाकिस्तान की रणनीतिक बेचैनी और कूटनीतिक संतुलन की परीक्षा शुरू हो गई थी क्योंकि इस्लामाबाद वर्षों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल क्षमता को आगे बढ़ाने में मदद करता आया है और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत ईरान के 'आत्मरक्षा के अधिकार' का समर्थन भी करता रहा है। हालांकि, जब अमेरिका स्वयं इज़राइली कार्रवाइयों में भागीदार बन गया और खाड़ी क्षेत्र अस्थिर हो गया तो पाकिस्तान गंभीर कूटनीतिक दबाव में आ गया। पाकिस्तान के लिए दिक्कत की बात यह है कि उसके दो बड़े आर्थिक साझेदार– सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात, ईरान के कट्टर विरोधी हैं। वहीं अमेरिका के साथ पाकिस्तान अपने संबंध सुधारने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में पाकिस्तान के लिए ईरान को समर्थन देने से इन तीन शक्तिशाली साझेदारों के नाराज़ होने का खतरा है। हालांकि अब युद्धविराम हो चुका है इसलिए जरूर पाकिस्तान ने कुछ राहत महसूस की होगी।

हम आपको यह भी बता दें कि पाकिस्तान के शीर्ष सुरक्षा निकाय राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) ने ईरान में अमेरिकी हवाई हमले के बाद क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा करने के लिए बैठक की और इस्लामी राष्ट्र के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई बैठक में सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर सहित शीर्ष असैन्य और सैन्य नेतृत्व ने शिरकत की। पाकिस्तान ने सभी संबंधित पक्षों से संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को हल करने का आह्वान किया, तथा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों और मानवीय कानूनों का पालन करने की जरूरत पर जोर दिया। बताया जा रहा है कि इस बैठक में मुनीर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी बैठक के विवरण से सबको अवगत भी कराया।

# हिंदी भाषा की दुर्गति बना दी लोगों ने

**जनसाधारण की एक पुरानी आदत है कि प्यार से भी बात करने के लिए एक अपशब्द का विशेषण चाहिए। किसी भी चलते-फिरते को अचानक से साला, ससुर बना लेना, कुछ जगहों पर शादी में थालियाँ परोसते समय गालियों में सने गीत प्रस्तुत करना भी लोगों को जोश से भर देता है जिसका कोई औचित्य या कारण नहीं दिखता। बहुत से लोग तो इन शब्दों के आदी हो गए हैं और जो विरोध करना चाहते हैं वे भी डर से बोल नहीं रहे। सामान्य लोग शालीन शब्दों में कटाक्ष से भी पीड़ित हो जाते हैं पर रूखी अनगढ़ अश्लील भाषा को दिनचर्या का सामान्य भाग समझकर झेल लेते हैं।**

(डॉ. सुधा कुमारी)

आज की ज्वलंत समस्या- भाषा की अपसंस्कृति- पर आवाज बुलंद करने की आवश्यकता आ पड़ी है। फिल्म, कामेडी, सोशल मीडिया, गली-चौराहे- सब जगह व्याप्त हैं इस बीमारी के कीटाणु। फिल्म, कॉमेडी, खासकर इन्टरनेट पर यूट्यूब के कमेन्ट में जो विशुद्ध उर्दू प्रेम में पगी गालियां दी जाती है, उनको पढ़-सुनकर लगता है कि हम एक असभ्य समाज में रह रहे हैं। सोशल मीडिया और यूट्यूब पर टूटी-फूटी रोमन लिपि में हिंदी कमेन्ट लिखने वाले भी हिंदी की दुर्गति ही कर रहे हैं।

जनसाधारण की एक पुरानी आदत है कि प्यार से भी बात करने के लिए एक अपशब्द का विशेषण चाहिए। किसी भी चलते-फिरते को अचानक से साला, ससुर बना लेना, कुछ जगहों पर शादी में थालियाँ परोसते समय गालियों में सने गीत प्रस्तुत करना भी लोगों को जोश से भर देता है जिसका कोई औचित्य या कारण नहीं दिखता। बहुत से लोग तो इन शब्दों के आदी हो गए हैं और जो विरोध करना चाहते हैं वे भी डर से बोल नहीं रहे। सामान्य लोग शालीन शब्दों में कटाक्ष से भी पीड़ित हो जाते हैं पर रूखी अनगढ़ अश्लील भाषा को दिनचर्या का सामान्य भाग समझकर झेल लेते हैं।

साहित्य जो मानवता की सेवा के लिए है, वह भी समाज की वास्तविकता दिखने के बहाने कई बार भाषा की गर्द ओढ़ लेता है। एक और पहलू जुड़ा है- जबसे कुछ लोगों के हृदय में प्रजातंत्र के अन्दर विपक्ष को हानिकारक बैक्टीरिया समझने की भावना और उसे



समूल नष्ट कर देने की ज्वाला धधक उठी है, तबसे इन्टरनेट पर गालियाँ गूँज उठी हैं। एक हवा-सी चली है जो मानसिक वातावरण को प्रदूषित कर रही है और हम उसी गन्दी हवा में साँस ले रहे हैं, अपने बच्चों को भी विरासत में प्रदूषित मानसिक वातावरण दे रहे हैं।

ऐसा लगने लगा था कि तीसरी दुनिया का देश जो सदियों गुलाम रहा, गालियाँ खाने और खिलाने की आदत पड़ चुकी, देवदासी-वारवधू जैसी बहुत सारी गन्दगी को झेल चुका, उसके जनसाधारण को अभी भी परिष्कृत भाषा बोलने में लज्जा आती है, वे किसी भी देशी-विदेशी महिला के साथ अपने नेता की अश्लील फोटो चिपकाकर गालियाँ देने से बाज नहीं आते। पर दुनिया का आठवाँ आश्चर्य तो तब देखा गया जब विश्व के परम शक्तिशाली, सभ्य और स्वतंत्र देश में सर्वोच्च पद से गालियों की बौछार निकल पड़ी। कहते हैं- जैसा राजा, वैसी प्रजा तो अब शालीन लोग जाएँ तो कहाँ जाएँ? लोगों को जागरूक करें तो कैसे?

लेकिन पहल तो किसी को करनी ही होगी- इस मुद्दे पर काम करने से मुझे आशा है कि समाज इस समस्या को समझेगा और माता-पिता भी जागरूक होंगे। प्रजा को सुसंस्कृत करने का प्रथम दायित्व राजा पर ही आता है। देश के सर्वोच्च शिखर से शालीन भाषा प्रयोग करने का आदेश आएगा तो यह सन्देश चारों ओर फैलेगा कि देशभक्त होने के लिए गाली देना आवश्यक योग्यता नहीं। साधारण जनता भी शिष्टता सीखेगी। सोशल मीडिया और इन्टरनेट पर अश्लील भाषा को बढ़ावा देनेवाले रील बनानेवालों पर कड़े कदम उठाने होंगे।

जो भी अश्लील भाषा का प्रयोग करता है, वह अपने बच्चों को अश्लील भाषा सिखाकर उन्हें भी प्रदूषित करता है, अपनी भावी पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय करता है, उन्हें असभ्य और बर्बर बनाता है। इसलिए जनता को भी आत्म-मंथन की आवश्यकता है- क्या सभी सुधार-कार्य के लिए सरकार ही उत्तरदायी होती है? उत्तर है- नहीं। जनसाधारण को, विद्यालय-महाविद्यालय के शिक्षकों को, फिल्म-सीरियल निर्माताओं को, रियलिटी शो निर्माताओं को, साहित्यकारों को भाषा में सुधार करना होगा। अपनी गन्दगी भरी भाषा को गंगाजल से नहीं, सभ्य भाषा की धारा-प्रवाह सरिता में धोना होगा। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5774



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1 अगस्त 2004 को इस देश ने भारत को 25 रनों से हराकर एशिया कप जीता था (3)
3. किसी देश की वह सीमा जो किसी दूसरे देश से मिली हों (4)
6. आर.के.नारायण के इस उपन्यास पर फिल्म निर्माण हुआ था, जिसमें देवानंद के साथ वहीदा रहमान थी (3)
7. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (पद्मश्री)(5)
9. एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (2)
11. रदपट, अधर, ओंठ (2)
12. मनुज, इंसान, आदमी (3)
13. गुदाई करना, गुदाई कृति (3)
14. हस्ताक्षर, जो यथार्थ हो (2)
15. ना समझ, भोला, अनुभवहीन, सरल (2)
17. अत्यधिक, उच्च, उत्तम, बड़ा (2)
19. पढ़ने वाला, किसी विश्वविद्यालय का अध्यापक (3)
20. शरतचंद चट्टोपाध्याय की प्रसिद्ध कृति (4)

**ऊपर से नीचे**

1. विवाहित स्त्री, पत्नी (3)
2. विधायन करना, नियम बनाना (6)
3. विवाह क पूर्व की एक रस्म, मंगनी (3)
4. मथानी, जिससे मथा जा सकें (2)
5. अमेरिका के न्यूयार्क प्रांत के पूर्वी हिस्से में बहने वाली एक प्रसिद्ध नदी (4)
8. वर्षद, मेघ, जलदाता, नीरद, वारिद (3)
10. बिजली घर को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
12. भारत के वर्तमान क्रिकेटर महेंद्रसिंह धौनी इस नाम से भी जाने जाते हैं (2)
13. महाराष्ट्र का प्रसिद्ध शहर नासिक इस नदी के उद्गम पर स्थित है (4)
14. बेटा, सूरज (अंग्रेजी)(2)
16. जिसमें दाग लगा हो, लांछित, दुर्गुणी (2)
18. मनसोविकार, मूल्य, भावित (2)

**वर्ग पहेली 5773 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मो | ह | म्म | द | र | फी | | गा |
| हि | म | | | ह | म | रा | ज |
| नी | ला | म | | ल | र | ज | ना |
| | व | ह | म | | | स्था | |
| वि | र | ल | | दा | म | न | |
| क | | स | | न | न | | जा |
| सि | ता | रा | दे | वी | | सु | वा |
| त | त | | व | र | दा | ता | |

# भारत को मंजूर नहीं 140 करोड़ लोगों का नुकसान! अमेरिका के साथ अटक गई ट्रेड डील

(सिद्धार्थ)

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते को लेकर हो रही बातचीत अटक गई है। अमेरिका ने कुछ ऐसी मांग रखी है जिसे भारत सरकार मानने को तैयार नहीं है। इससे एक्सपोर्टर्स को आने वाले महीनों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील अटक गया है। अमेरिका अपने कुछ कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम करने की मांग कर रहा है लेकिन भारत को यह मंजूर नहीं है। अमेरिका चाहता है कि भारत मक्का और सोयाबीन जैसे कृषि उत्पादों पर टैरिफ में कमी की जाए। भारत सरकार एक ऐसे समझौते के लिए तैयार नहीं है जिससे देश के 140 करोड़ उपभोक्ताओं और किसानों को नुकसान हो। साथ ही जेनेटिकली मॉडिफाइड फूड को लेकर भी कई तरह की चिंताएं हैं। सूत्रों का कहना है कि इससे दोनों देशों के बीच बातचीत में रुकावट आ गई है। अगर 9 जुलाई तक कोई छोटा समझौता नहीं होता है, तो भारतीय उद्योगों को अमेरिका में 26त्न तक टैक्स देना पड़ सकता है।

भारत का कहना है कि ट्रंप प्रशासन का 10त्न का बेसलाइन टैरिफ काफी नहीं है। यह टैरिफ तो सभी देशों के लिए है। बातचीत शुरू होने पर भारत सरकार चाहती थी कि टेक्सटाइल, चमड़े के सामान, दवाओं और कुछ इंजीनियरिंग के सामान और ऑटो पार्ट्स जैसे उत्पादों पर कोई टैक्स न लगे। दूसरी ओर अमेरिकी अधिकारी चाहते हैं कि यह समझौता जल्दी हो जाए। उन्होंने भारत को बताया है कि ट्रंप प्रशासन तुरंत जीरो टैरिफ पर नहीं जा सकता। भारत चाहता है कि एक बार समझौता होने के बाद अमेरिका भविष्य में कोई नया टैक्स न लगाए।

**ऑपरेशन सिंदूर–** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर रुकवाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात को गलत बताया था। इस बात से भी भारत में नाराजगी है। इससे व्यापार से जुड़े मुद्दों को सुलझाने में मदद नहीं मिल रही है। सूत्रों का कहना है कि भारत सरकार एक ऐसे समझौते के लिए तैयार नहीं है जिससे देश के 140 करोड़ उपभोक्ताओं और किसानों को नुकसान हो। अमेरिका चाहता है कि समझौते में कृषि उत्पादों को शामिल किया जाए।

एक सूत्र ने बताया कि हम अपने कृषि क्षेत्र को अमेरिका के बड़े खेतों से होने वाले आयात के लिए नहीं खोल सकते। अभी हम इसके लिए तैयार नहीं हैं। सरकार पहले कुछ मात्रा में कम टैरिफ पर आयात की अनुमति देने पर विचार कर रही थी। सूखे मेवे जैसे उत्पादों से ज्यादा परेशानी नहीं है लेकिन सेब को लेकर पहले से ही विरोध हो रहा है।

**जीएम पर तनातनी–** अमेरिका चाहता है कि भारत को मक्का और सोयाबीन का निर्यात करना चाहता है। इनमें से ज्यादातर जेनेटिकली मोडिफाइड हैं, जिन्हें भारतीय नियमों के तहत अनुमति नहीं है। अमेरिका ने अपने उत्पादों को नो जीएम का सर्टिफिकेट देने को तैयार नहीं है। इसके बजाय उन्होंने सुझाव दिया है कि कुछ मक्के को इथेनॉल में प्रोसेस करके ब्लेंडिंग प्रोग्राम में इस्तेमाल किया जा सकता है। लेकिन यह संभव नहीं है क्योंकि ब्लेंडिंग की सीमा पहले ही पूरी हो चुकी है।

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन करियर के लिहाज से अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों की सराहना मिल सकती है, जिससे प्रमोशन की दिशा में मार्ग प्रशस्त होगा। व्यापारियों को किसी पुराने ग्राहक से बड़ा ऑर्डर प्राप्त हो सकता है। ग्रहों की शुभ स्थिति के प्रभाव से कोई महत्वपूर्ण डील फाइनल हो सकती है। खर्च भी बढ़ेगा, विशेषकर सामाजिक प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए आपको थोड़ा मेहनत करनी पड़ सकती है।

### वृष
आज भाग्य साथ देगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए कार्यस्थल पर दबाव बढ़ेगा, लेकिन आपकी योजनात्मक सोच आपको मुश्किलों से निकाल लेगी। व्यापार में साझेदारी के मामलों में स्पष्टता रखें, नहीं तो बाद में विवाद हो सकता है। किसी वरिष्ठ या राजनीतिक व्यक्ति का सहयोग आर्थिक लाभ दिला सकता है। नया प्रॉजेक्ट मिलने के योग हैं।

### मिथुन
आज भाग?य साथ दे रहा है। धन संबंधित मामलों में दिन संतुलन बनाए रखने का है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं, लेकिन धन संचय में कठिनाई हो सकती है। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा, जिससे मानसिक दबाव संभव है। परंतु यदि आप अपने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखें तो उच्च अधिकारियों से आर्थिक इनाम या बोनस मिल सकता है।

### कर्क
आज लाभ के योग हैं और आपके लिए ग्रहों की अनुकूल स्थिति से आपको बड़ा लाभ होने की उम?मीद है। आपको अचानक धन लाभ की सूचना मिल सकती है, जैसे बकाया भुगतान या रुका हुआ बिल। कार्यक्षेत्र में नई डील या अनुबंध की संभावनाएं प्रबल हैं।

### सिंह
आज आर्थिक दृष्टि से दिन अनुकूल है। कोई पुराना अटका हुआ भुगतान वापस मिलने की संभावना है, जिससे राहत महसूस होगी। यदि आप प्रॉपर्टी या रियल एस्टेट से जुड़े हैं, तो बड़ी डील पक्की हो सकती है। करियर में आप नई ऊंचाई की ओर बढ़ सकते हैं। आपके लिए लाभ के योग बने हैं और आपकी तरक?की होगी।

### कन्या
आज किस्मत साथ दे रही है और आप व्यवसायिक वार्तालाप या मीटिंग्स में सफलता प्राप्त करेंगे। विदेशी कंपनियों या क्लाइंट्स के साथ नए अनुबंध हो सकते हैं। फ्रीलांसर या घर से काम करने वाले लोगों को खास लाभ होगा। अच्छे ग्राहक मिलेंगे।

### तुला
आज लाभ होगा और आपकी रचनात्मकता और बौद्धिक कौशल में विकास के योग बन रहे हैं। दिन आपको एक नई दिशा में ले जा सकते हैं। मीडिया, डिजाइन, लेखन, या परामर्श जैसे क्षेत्रों में नया काम या असाइनमेंट मिलने की संभावना है।

### वृश्चिक
आज रुपये-पैसे के मामले में बड़ा लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष सुदृढ़ रहेगा। दिनभर में आपको एक से अधिक धनलाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार या नौकरी में नई रणनीति अपनाकर आप दूसरों से आगे निकल सकते हैं।

### धनु
आज भाग्य साथ दे रहा है और राजनीति, प्रशासन, शिक्षा और धर्म से जुड़े व्यक्तियों के लिए दिन लाभकारी रहेगा। नौकरी में ट्रांसफर या प्रमोशन की सूचना मिल सकती है। हालांकि ऑफिस में कुछ वरिष्ठ आपको दबाने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आपका आत्मविश्वास आपको उबार लेगा।

### मकर
आज दिन आर्थिक दृष्टि से स्थिरता और समृद्धि का है। व्यवसाय में नया मोड़ या नई दिशा में परिवर्तन का समय आ चुका है। यदि आप नौकरी में हैं तो प्रमोशन या वेतनवृद्धि से जुड़ा संवाद हो सकता है। साझेदारी में व्यापार करने वाले लोगों को लेनदेन में स्पष्टता रखनी चाहिए।

### कुंभ
आज दिन सावधानी से बिताने की सलाह है। स्वास्थ्य के साथ-साथ आज आपको धन और संपत्ति संबंधी मामलों में अत्यधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। किसी प्रॉपर्टी डील या निवेश में जल्दबाजी बिल्कुल न करें। कार्यक्षेत्र में कोई प्रॉजेक्ट किसी कारण से काफी लेट हो सकता है।

### मीन
आज व्यवसाय में दिन बड़ा मोड़ ला सकता है। यदि आप क्रिएटिव, डिज़ाइन, कंसल्टिंग या टेक स्टार्टअप से जुड़े हैं, तो कोई नई साझेदारी या निवेश प्रस्ताव मिल सकता है। आर्थिक रूप से किसी संकट में फंसे व्यक्ति की सहायता करने से मानसिक संतोष मिलेगा और आकस्मिक पुण्य फल भी मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अदालत का समय बर्बाद किया, महाराष्ट्र चुनाव से जुड़ी याचिका हाईकोर्ट में खारिज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बुधवार को 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुए फर्जी मतदान की याचिका को खारिज किया, जिसमें शाम छह बजे मतदान का समय समाप्त होने के बाद बढ़े हुए मतदान के आंकड़ों को लेकर एक याचिका दाखिल की गई थी। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की पीठ ने आज अपना फैसला सुनाया, इससे पहले इस फैसले को सोमवार को सुरक्षित रख लिया गया था। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इस सुनवाई में पूरे दिन दलीलें सुनने से अदालत का कीमती समय बर्बाद हुआ। उल्लेखनीय है कि वंचित बहुजन आघाड़ी के विक्रोली कार्यकर्ता चेतन अहिरे ने इस संबंध में उच्च न्यायलय में याचिका दायर की थी, जिसकी सुनवाई आज हुई थी। अहिरे की ओर से अधिवक्ता प्रकाश आंबेडकर ने अपनी दलीलें दीं और वंचित बहुजन आघाड़ी के नेता और अधिवक्ता आंबेडकर ने दलीलें देते हुए पूरी चुनाव प्रक्रिया पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की थी। उन्होंने अदालत के समक्ष आरोप लगाया था कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) मशीनों के आने के बाद से हमारी चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी हुई है। इस बीच, निर्वाचन आयोग और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने याचिका का विरोध किया और उसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया था। मतदान अवधि समाप्त होने के बाद मतदान का मुद्दा उठाते हुए अधिवक्ता अंबेडकर ने आरोप लगाते हुए कहा था कि 76 लाख वोटों का अचानक बढ़ना एक गलती नहीं हो सकती बल्कि यह न केवल चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को बल्कि देश के लोकतंत्र पर भी सीधे तौर पर गंभीर सवाल उठाता है। उल्लेखनीय है कि 2024 के विधानसभा चुनाव में 288 सीटों के लिए मतदान हुआ था जिसमें फर्जी वोटिंग के आरोप लगे थे।

### नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों की मुठभेड़, दो महिला नक्सलियों को मार गिराया

**नारायणपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के अबूझमाड़ इलाके के घने जंगलों में बुधवार रात सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गईं। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम द्वारा किया गया यह अभियान माड़ डिवीजन से जुड़े वरिष्ठ माओ अधिकारियों ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने बताया कि माओवादियों के माड़ डिवीजन केनक्सलियों के होने की सूचना पर नारायणपुर और कोंडागांव जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार शाम को जब सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में थे तब नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से नक्सलियों के शव, एक इंसास राइफल, एक .315 राइफल, मेडिकल का सामान और नक्सलियों से संबंधित अन्य सामान बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त की जा रही है।

### झारखंड: किसान के घर घुसा बाघ, वन अधिकारियों ने पकड़ा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के रांची जिले के एक गांव में बुधवार को एक वयस्क बाघ (रॉयल बंगाल टाइगर) एक किसान के घर में घुस गया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई, हालांकि बाद में वन अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया। यह घटना झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 65 किलोमीटर दूर मुरी पुलिस चौकी के अधिकार क्षेत्र में सिल्ली प्रखंड के मरदु गांव में घटी। रांची के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) श्रीकांत वर्मा ने पीटीआई- को बताया, बाघ सुबह करीब पांच बजे पूरन चंद महतो के घर में घुस गया। वर्मा ने बताया कि जब किसान ने बाघ को घर के एक कमरे में घुसते देखा तो उन्होंने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। उन्होंने बताया कि जब बाघ घर में घुसा तो करीब आठ साल की दो बच्चियां भी घर के अंदर थीं, लेकिन उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अधिकारी ने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) से एक बचाव दल मौके पर पहुंचा और बचाव अभियान शुरू कर कर सफलतापूर्वक बाघ को पकड़ लिया। उन्होंने कहा, पिंजरे में बंद करने के बाद उसे बेहोश कर दिया गया। उसे एक वाहन में लादकर रांची के बिरसा जैविक उद्यान ले जाया जाएगा, जहां उसे निगरानी में रखा जाएगा। उन्होंने कहा, हालांकि, बाघ को मुक्त करने का निर्णय बाद में लिया जाएगा।

### नागपुर और छत्तीसगढ़ में ट्रेन पर पत्थर फेंकने वाले किशोर हिरासत में लिए गए

**नागपुर, एजेंसी।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने नागपुर और छत्तीसगढ़ में अलग-अलग घटनाओं में यात्री ट्रेन पर पत्थर फेंकने के आरोप में दो किशोरों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आरपीएफ के नागपुर मंडल द्वारा की गई।

# मंत्रियों के स्टाफ पर सीएम फडणवीस ने कसी नकेल, ऐक्शन की चेतावनी; महायुति में बढ़ी दरार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की सत्ताधारी महायुति सरकार के भीतर तनातनी और गहराती दिख रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के कई मंत्रियों द्वारा निजी सचिव (पीएस) और विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) की गैरकानूनी तैनाती को लेकर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की स्पष्ट हिदायतों के बावजूद कई पीएस और ओएसडी अब भी अपने पसंदीदा मंत्रियों के साथ कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते फडणवीस ने छह ऐसे कर्मचारियों को अनुशासनात्मक नोटिस जारी किए हैं जो आदेशों की अवहेलना कर रहे थे।





मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) से जारी एक आदेश के अनुसार, फडणवीस ने मंत्रियों द्वारा प्रस्तावित कुछ निजी सचिवों और ओएसडी की नियुक्तियों को भ्रष्ट या सौदेबाज मानते हुए खारिज कर दिया था। इस आदेश में इन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से उनके मूल विभागों में वापस लौटने का निर्देश दिया गया, अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। फरवरी 2025 में, फडणवीस ने मंत्रियों द्वारा प्रस्तावित 125 नामों में से केवल 109 को मंजूरी दी थी, जिसके बाद से यह मुद्दा गठबंधन के लिए तनाव का कारण बना हुआ है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, ताजा विवाद में शिवसेना के मंत्री संजय राठौड़, शंभुराज देसाई, भरत गोगावले और गुलाबराव पाटिल के साथ-साथ एनसीपी के नेता दत्तात्रेय भरने और छगन भुजबल भी शामिल हैं। इन मंत्रियों के पीएस की नियुक्तियां पहले ही अनियमितताओं के आरोपों के चलते रोक दी गई थीं। सूत्रों का कहना है कि इनमें से कई वर्षों से कार्यरत पीएस और ओएसडी पर भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप हैं।

**विपक्ष का निशाना :** विपक्ष ने इस पूरे घटनाक्रम को महायुति गठबंधन के भीतर बढ़ती असहमति का संकेत बताया है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा, यह केवल पीएस की नियुक्ति का मामला नहीं है, बल्कि यह दिखाता है कि सरकार के भीतर आपसी विश्वास और समन्वय की कमी है। मुख्यमंत्री के आदेशों की खुलेआम अवहेलना हो रही है, जो उनके नियंत्रण की कमजोरी को दर्शाता है। विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने भी इस मुद्दे को आगामी मॉनसून सत्र में उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट पीएस और ओएसडी के खिलाफ शिकायतें मिली हैं और सरकार द्वारा जारी नोटिस एक आवश्यक कदम है। वहीं, राज्य के कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि इस मुद्दे पर पूरी स्थिति की स्पष्टता केवल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ही दे सकते हैं।

**महायुति में बढ़ता तनाव :** महायुति गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट), और एनसीपी (अजित पवार गुट) शामिल हैं। यह पहले भी आंतरिक मतभेदों का सामना कर चुका है। हाल ही में, बीजेपी नेता और मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे के एक बयान ने विवाद खड़ा किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र में बीजेपी की सरकार है और देवेंद्र फडणवीस सभी के पिता के रूप में हैं। इस बयान ने शिवसेना के नेताओं को नाराज कर दिया, जिन्हें लगा कि यह उनके प्रभाव को कम करने की कोशिश है। इसके अलावा, पुणे में महायुति के सहयोगी दलों- बीजेपी, शिवसेना, और एनसीपी के नेताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंचों पर आलोचना की है।

### यूपी में गोंडा-बाराबंकी रूट पर काम, दस ट्रेनें कैंसिल और 31 ट्रेनों के समय बदले

**मुरादाबाद, एजेंसी।** यूपी में गोंडा-बाराबंकी में बिछ रही थर्ड रेललाइन को अंतिम रूप के लिए ब्लॉक लिया गया है। प्री नॉन इंटरलाकिंग व नॉन इंटरलाकिंग के काम के लिए बुधवार से रेल रूट पर असर पड़ना शुरू हो गया है। गोरखपुर-अमृतसर व चंपारण सत्याग्रह व पैसेंजर समेत दस ट्रेनें रद रहेगी। चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस चार दिन और गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस एक दिन नहीं चलेगी। सीतापुर सिटी से शाहजहांपुर व गोंडा के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों को 28 जून से चार जुलाई तक रद्द रखा गया है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि गोंडा सेक्शन में थर्ड लाइन के लिए रेल संचालन में बदलाव किया गया है। रद् की गई ट्रेनों में गोरखपुर-अमृतसर(22423-24) 29 जून व बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार(25 जून से 4 जुलाई ) तक चार ट्रिप रद्द रहेंगे। पैसेंजर ट्रेनें भी 28 जून से रद्द रहेगी। चार जुलाई तक यह काम चलेगा। बाकी 22 ट्रेनें डायवर्ट व नौ ट्रेनों के संचालन में फेरबदल किया गया है। समर स्पेशल अमृतसर-छपरा एक्सप्रेस के दो दिन नहीं चलेगी। जबकि अमृतसर दरभंगा जननायक 23 जून से 4 जुलाई तक बदले रुट से चलेगी।

### इटावा में दोनों भागवताचार्यों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज, जाति छिपाकर धोखाधड़ी का केस

**इटावा, एजेंसी।** यूपी में इटावा के बकेवर थाना क्षेत्र के चर्चित दांदरपुर मामले में भागवत कथा सुनाने आये दोनों भागवताचार्यों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन पर फर्जी आधार कार्ड बनाने व जाति छुपा कर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। बता दें कि 21 जून को दांदरपुर गांव में मुकटमणि यादव और संत सिंह यादव भागवताचार्य बन कर कथा सुनाए आए थे।दोनों को जाति छिपाने के आरोप में सिर मुंड़ाकर गांव से निकाल दिया गया था। इस मामले में चार आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं।

एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को कथा की मुख्य यजमान ने भागवताचार्यों पर जाति छुपाने और छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। बुधवार रात पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है मुकुटमणि यादव अपनी जाति छुपा कर भागवत कथा सुनाने पहुंचे। इसके लिए उन्होंने एक फर्जी आधारकार्ड बनाया। संत सिंह यादव ने भी जाति छुपाई। महिला ने छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया था, इसकी जांच की जा रही है।

**गिरफ्तारी के लिए हर आने-जाने वाले पर पुलिस की नजर :** वहीं, भागवताचार्यों के साथ हुई अभद्रता मामले में पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है। पुलिस व प्रशासन गांव व कुछ दूरी पर डेरा जमाए हुए है। इससे गांव में तनाव का माहौल है। युवा व पुरुष डरे हुए हैं। पुलिस अफसर थोड़ी-थोड़ी देर में गांव में गश्त कर रहे हैं। उधर घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। मंगलवार को कथा स्थगित कर दी गयी थी और पुलिस बार बार गांव में चक्कर लगा रही थी। रात को भी पुलिस ने गांव में कई मर्तबा गश्त की। बुधवार को भी गांव में सन्नाटा पसरा रहा। दोनों तरफ से सोशल मीडिया पर बयानबाजी और तीखी टिप्पणियों के चलते प्रशासन सतर्कता बरत रहा है। प्रशासन गांवों के बाहर से ही गांव में आने जाने वालों पर नजर रखता दिखा। पुलिस की जगह राजस्व विभाग को लगाया गया। ये कर्मचारी गांव वालों से बातचीत करते हुए शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। उधर एसपी ग्रामीण श्रीष चंद्र व सीओ भरथना अतुल प्रधान बकेवर थाने में पूरे दिन डटे रहे।

### वरिष्ठ नागरिकों को अटारी बॉर्डर ले जाएगी राजस्थान सरकार

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग ने सीनियर सिटीजन तीर्थयात्रा योजना-2025 के तहत इस बार श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के साथ-साथ ऐतिहासिक और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत स्थलों की भी यात्रा कराने की योजना तैयार की है। अब तीर्थयात्री अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर के दर्शन के साथ-साथ अटारी बॉर्डर पर होने वाली भव्य रिट्रीट सेरेमनी का भी साक्षी बनेंगे। इस बार योजना को और व्यापक बनाते हुए देवस्थान विभाग ने जुलाई-अगस्त के लिए यात्रा कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। इसके तहत श्रद्धालुओं को दक्षिण भारत के पवित्र स्थल रामेश्वरम की यात्रा कराई जाएगी। वहीं सिख श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए पटना साहेब और नांदेड़ साहेब की यात्रा की भी प्लानिंग की गई है। इस योजना के तहत 6 जुलाई को राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटरा रवाना होगी। यह ट्रेन उदयपुर से रवाना होकर अजमेर और जयपुर होते हुए अमृतसर पहुंचेगी, जहां यात्रियों को स्वर्ण मंदिर के दर्शन और अटारी बॉर्डर पर होने वाली रिट्रीट परेड दिखाने की व्यवस्था होगी। इससे पहले पहली ट्रेन 6 जून को जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी, जबकि दूसरी ट्रेन उदयपुर से रामेश्वरम के लिए भेजी गई थी। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस बार हर रूट पर ट्रेन के संचालन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

# हिमाचल प्रदेश में मौसम का कहर! भारी बारिश के बाद 170 सड़कें बंद; 4 जिलों में ज्यादा खतरा

**शिमला, एजेंसी।** झहिमाचल प्रदेश में मानसून की पहली बड़ी आफ़त ने भारी तबाही मचाई है। बीते 24 घंटे में राज्य के कुल्लू और कांगड़ा जिलों में भारी बारिश के कारण कई जगह बादल फटे और अचानक आई बाढ़ ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी देते हुए 4 जिलों में ज्यादा खतरा बताया है। प्रदेश में भारी बारिश के कारण लगभग 170 सड़कें भी बंद कर दी गई हैं।

**मौसम विभाग की चेतावनी जारी :** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज भी प्रदेश के कई हिस्सों में भारी वर्षा की आशंका बनी हुई है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कांगड़ा, मंडी, शिमला और सोलन जिलों में तेज बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं चंबा, सिरमौर, मंडी, कांगड़ा और शिमला जिलों में फ्लैश फ्लड का खतरा बताया गया है।

**कांगड़ा में सैलाब से दो की मौत, छह अब भी लापता :** कांगड़ा जिले के धर्मशाला क्षेत्र में मनुनी खड्ड में अचानक आई बाढ़ ने छह लोगों को बहा दिया। इनमें से दो के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि शेष छह की तलाश जारी है। ये सभी मजदूर थे, जो एक निर्माणाधीन हाइड्रो प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। एक अन्य व्यक्ति को अपनी जान बचाते हुए जंगल की ओर भागते हुए देखा गया जिसे खोजने के



लिए विशेष टीम भेजी गई है। लापता मजदूरों में दो उत्तर प्रदेश से, तीन नूरपुर से और एक चंबा से हैं। राहत कार्यों के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की दो टीमें, होम गार्ड की एक टीम और पुलिस की विशेष इकाई को तैनात किया गया है। घटनास्थल पर उपायुक्त कांगड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उपमंडलाधिकारी धर्मशाला और तहसीलदार स्वयं उपस्थित हैं और राहत अभियान की निगरानी कर रहे हैं। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र कांगड़ा से समस्त सर्च ऑपरेशन की कमान एडीएम संभाल रहे हैं। एसडीआरएफ की 13 सदस्यीय टीम मौके पर डटी है और एनडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई है।

**कुल्लू में बादल फटने से तबाही, तीन लोग बह गए :** कुल्लू जिले के सैंज क्षेत्र में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। सैंज के रैला बिहाल में आई बाढ़ में तीन लोग बह गए और इनकी तलाश जारी है। इस क्षेत्र में आठ वाहन, 10 छोटे पुल और एक बिजली प्रोजेक्ट भी बाढ़ की चपेट में आ गए। वहीं मनाली और आसपास के क्षेत्रों में आज आसमान हल्के बादलों से घिरा है। ब्यास नदी के जलस्तर में गिरावट आई है, लेकिन कल की बाढ़ से बाहंग क्षेत्र में तीन दुकानें बह गईं। मनाली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-3 को बिंदु ढंकार के पास नुकसान पहुंचा है, हालांकि फिलहाल यातायात सामान्य हो गया है।

# बेटियों ने किया अपमान, सेना से रिटायर पिता ने मंदिर को दान कर दी 4 करोड़ की संपत्ति

**तिरुवन्नामलै, एजेंसी।** एक रिटायर पिता को उनके बेटियों ने इस कदर अपमानित किया कि उन्होंने तंग आकर अपनी 4 करोड़ की संपत्ति एक मंदिर को दान में दे दी। उनके इस कदम के बाद अब उनकी बेटियां उन संपत्तियों के वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। यह घटना तमिलनाडु के तिरुवन्नामलै जिला की है। सेना से रिटायर एस. विजयन अपनी बेटियों के अपमान से इस कदर आहत हुए कि उन्होंने यह कदम उठाया। अरुलमिगु रेनुगम्बाल अम्मन मंदिर प्रशासन के अनुसार, 24 जून को जब मंदिर की दान पेटी खोली गई तो उसमें सिक्कों और नोटों के साथ दो मूल संपत्ति दस्तावेज भी पाए गए। एक संपत्ति 3 करोड़ की और दूसरी 1 करोड़ की थी। इसके साथ ही एक पत्र भी था, जिसमें विजयन ने स्पष्ट लिखा था कि उन्होंने स्वेच्छा से मंदिर को यह संपत्ति समर्पित की है।

**मंदिर से वर्षों पुराना नाता :** विजयन अरनी के पास केसवपुरम गांव के रहने वाले हैं। वह रेनुगम्बाल अम्मन के कट्टर भक्त माने जाते हैं। मंदिर



अधिकारियों की जांच में पता चला कि वह पिछले 10 वर्षों से अकेले रह रहे थे। पत्नी से उनके मतभेद थे। हाल के महीनों में उनकी बेटियां उन्हें संपत्ति सौंपने के लिए दबाव डाल रही थीं और रोजमर्रा की जरूरतों को लेकर भी अपमान कर रही थीं। विजयन ने कहा, मेरे बच्चों ने मुझे मेरे खुद के खर्च के लिए भी ताना दिया। अब मैं यह संपत्ति उस देवी को सौंप रहा हूं, जिसने मुझे जीवन भर संबल दिया। क्या मंदिर की हो जाएगी विजयन की संपत्ति? मंदिर के कार्यकारी अधिकारी एम. सिलंबरासन ने बताया, सिर्फ दस्तावेजों को दान पेटी में डालना कानूनी रूप से संपत्ति का हस्तांतरण नहीं माना जा सकता है। जब तक दाता विधिवत रजिस्ट्रेशन विभाग के साथ पंजीकरण नहीं करते, मंदिर को कानूनी अधिकार नहीं मिलेगा। इसलिए अभी के लिए ये दस्तावेज हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के पास सुरक्षित रखे गए हैं। वरिष्ठ अधिकारी इस पर निर्णय लेंगे कि इन्हें कैसे आगे बढ़ाया जाए। कौन सी संपत्तियां हैं दान में? मंदिर अधिकारियों के मुताबिक, दान की गई संपत्तियों में 10 सेंट जमीन मंदिर के पास स्थित है। एक एक मंजिला मकान, जिसकी कीमत करीब 4 करोड़ है।

बेटियां संपत्ति वापस लेने के लिए कर रही हैं प्रयास अब जब यह मामला सार्वजनिक हो गया है तो विजयन की बेटियां कथित रूप से संपत्ति को वापस पाने के प्रयास कर रही हैं। लेकिन विजयन ने साफ कहा, मैं अपने फैसले से पीछे नहीं हटूंगा। मंदिर से बात कर मैं कानूनी प्रक्रिया पूरी करूंगा।

### कुछ लोग कहते हैं संसद सबसे ऊपर, लेकिन ऐसा है नहीं: सीजेआई गवई

**अमरावती, एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई ने संसद, न्यायपालिका और संविधान के बीच सर्वोच्चता की बहस को आगे बढ़ाते हुए अहम टिप्पणियां की हैं। सीजेआई गवई ने कहा है कि भारत का संविधान ही देश में सबसे ऊपर है और लोकतंत्र के तीनों अंग इसके हिसाब से ही काम करते हैं। इस दौरान सीजेआई ने यह भी कहा है कि संसद के पास संविधान में संशोधन करने की शक्ति जरूर है, लेकिन वह कभी भी संविधान के मूल ढांचे के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकती। पिछले महीने देश के 52वें सीजेआई के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस गवई बुधवार को अपने गृहनगर पूर्वी महाराष्ट्र के अमरावती में एकन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि कुछ लोग यह मानते हैं कि संसद संविधान के ऊपर है, लेकिन यह सच नहीं है।

**भारत का संविधान ही सर्वोच्च- गवई :** कार्यक्रम के दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि इस बात पर हमेशा चर्चा होती है कि लोकतंत्र का कौन सा अंग सर्वोच्च है, कार्यपालिका, विधायिका या न्यायपालिका। उन्होंने कहा, कई लोग कहते हैं कि संसद सर्वोच्च है लेकिन मेरे हिसाब से भारत का संविधान ही सर्वोच्च है। लोकतंत्र के तीनों अंग संविधान के तहत काम करते हैं।

**जजों के कर्तव्यों पर जोर :** सीजेआई गवई



इस दौरान जजों को लेकर भी बोले। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से कोई न्यायाधीश स्वतंत्र नहीं कहला सकता। उन्होंने कहा, जजों को हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा कर्तव्य क्या है और हम नागरिकों के अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों के संरक्षक हैं। हमारे पास सिर्फ शक्ति नहीं है, बल्कि यह एक कर्तव्य है। सीजेआई ने आगे कहा कि जजों को इस बात से कतई प्रभावित नहीं होना चाहिए कि लोग उनके फैसले के बारे में क्या कहेंगे या क्या महसूस करेंगे। उन्होंने कहा, हमें स्वतंत्र रूप से सोचना होगा। लोग जो कहेंगे, वह हमारी निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित नहीं कर सकता। इस दौरान उन्होंने बुलडोजर जस्टिस को रोकने जैसे फैसलों का भी जिक्र किया।

# 'भड़काऊ नारे न लगाएं, हथियार न लहराएं, योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा और मुहर्रम पर्व पर जारी किया निर्देश

**लखनऊ, एजेंसी।** देश में सावन की शुरूआत होने वाली है और इसके साथ ही कांवड़ यात्रा भी शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, सौहार्दपूर्ण वातावरण और जनसुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु बुधवार देर शाम शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्यभर के सभी पुलिस आयुक्तों, संभागीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ व्यापक चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी धार्मिक आयोजन श्रद्धा, सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव के साथ आयोजित किए जाएं तथा प्रशासनिक तंत्र पूरी संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ काम करे।

**11 जुलाई से नौ अगस्त तक पवित्र श्रावण मास रहेगा :** एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 11 जुलाई से नौ अगस्त तक पवित्र श्रावण मास रहेगा जिसके दौरान कांवड़ यात्रा, श्रावण शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व मनाए जाएंगे और इसी अवधि में 27 जून से आठ जुलाई तक जगन्नाथ रथ यात्रा तथा 27 जून से छह-सात जुलाई तक मुहर्रम के आयोजन संभावित हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया, ''यह अवधि प्रदेश की कानून-व्यवस्था, चिकित्सा, स्वच्छता, शिक्षा और आपदा



प्रबंधन के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील है। अतः सभी संबंधित विभाग और जिला प्रशासन समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें।''

**कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण और गरिमामय आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री ने विशेष निर्देश दिए :** उन्होंने कहा, ''यह यात्रा आस्था, अनुशासन और उल्लास का प्रतीक है। उत्तराखंड सीमा से सटे जनपदों सहित गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी और बस्ती जैसे जिले विशेष सतर्कता बरतें। अंतरराज्यीय समन्वय निरंतर बना रहना चाहिए।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''यात्रा मार्ग पर डीजे, ढोल-ताशा और संगीत की ध्वनि निर्धारित मानकों के अनुरूप ही होनी चाहिए। कानफोड़ू आवाज, भड़काऊ नारे, और परंपरा से इतर रूट परिवर्तन किसी दशा में स्वीकार्य नहीं होंगे।

**गरीबों का आश्रय उजाड़ना कदापि स्वीकार्य नहीं होगा :** उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी शोभायात्रा के लिए पेड़ काटना, झुग्गियां हटाना या गरीबों का आश्रय उजाड़ना कदापि स्वीकार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि धार्मिक यात्राओं में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन और धार्मिक प्रतीकों का राजनीतिक उपयोग सौहार्द को खंडित करने वाले तत्व हैं, जिन पर पूरी सख्ती से रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''सोशल मीडिया की सघन निगरानी हो और आवश्यकता पड़ने पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाए।''

**सभी जनपदों को सतर्क रहने का निर्देश :** मुख्यमंत्री ने कहा, ''कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटते होते हैं, जिनमें वेश बदलकर अराजक तत्वों के शामिल होने की आशंका बनी रहती है।'' इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री ने सभी जनपदों को सतर्क रहने का निर्देश देते हुए कहा, ''थाना, हल्का और चौकी स्तर पर स्थानीय प्रशासन कांवड़ संघों के साथ संवाद बनाए रखें और सभी व्यवस्थाओं की पूर्व समीक्षा सुनिश्चित करें। श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान सर्वोपरि है उन्होंने दोहराया कि श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान सर्वोपरि है, किंतु किसी शरारती तत्व को अवसर नहीं मिलना चाहिए। श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए, ''कांवड़ यात्रा मार्ग पर कहीं भी खुले में मांस आदि की बिक्री न हो। यात्रा मार्गों की स्वच्छता, रोशनी, पेयजल, शौचालय एवं प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जर्जर बिजली के खंभे और लटकते तारों की मरम्मत तत्काल पूर्ण हो।

# न्यूज़ीलैंड-जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान

## बेबी एबी की 2 साल बाद वापसी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** रासी वैन डेर डुसेन को न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे में होने वाली टी20 त्रिकोणीय सीरीज में साउथ अफ्रीका टीम की अगुआई करेंगे। वैन डेर डुसेन को कप्तान एडेन मार्करम की अनुपस्थिति में कप्तान नियुक्त किया गया है।

कुछ अन्य नियमित खिलाड़ियों को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है। 'बेबी एबी' डेवाल्ड ब्रेविस लगभग दो साल से साउथ अफ्रीका के लिए नहीं खेले हैं। इस साल एसए 20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ओपनर बल्लेबाज लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को पहली बार टीम में चुना गया है। पहले से ही वनडे और टेस्ट में खेल चुके कोर्बिन बॉश को टी20 में पदार्पण का मौका मिलेगा। एसए 20 में प्रभावित करने वाले एक अन्य खिलाड़ी रुबिन हरमन और राष्ट्रीय टीम के लिए अन्य दो प्रारूपों में खेलने वाले सेनुरन मुथुसामी इस सीरीज के लिए चुने गए अनकैप्ड खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं।

तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर और गेराल्ड कोएत्जी की वापसी से भी साउथ अफ्रीका को मजबूती मिली है। दोनों तेज गेंदबाज लंबे समय से चोट से उबर रहे हैं, लेकिन फिलहाल एमएलसी में खेल रहे हैं। शुकरी कॉनराड की कोचिंग में यह पहली टी20 सीरीज होगी। त्रिकोणीय सीरीज की शुरुआत 14 जुलाई को साउथ अफ्रीका और मेजबान जिम्बाब्वे के बीच होने वाले मैच से होगी। फाइनल 26 जुलाई को खेला जाएगा।

### साउथ अफ्रीका की टीम

रासी वैन डेर डुसेन (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, रीजा हेंड्रिक्स, रुबिन हरमन, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, नकाबा पीटर, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, एंडिले सिमलेन।



# चेस: कार्लसन के साथ 9 साल के आरित ने ड्रॉ खेला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के 19 साल के गुकेश के बाद अब 9 साल के आरित कपिल ने वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के साथ ड्रॉ खेला है। दिल्ली के आरित ने कार्लसन को ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूसडे' में ड्रॉ पर रोक दिया।

आरित ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन कार्लसन के हर मूव का शानदार जवाब दिया और उन्हें पूरी तरह हार की स्थिति में पहुंचा दिया था। हालांकि, मैच के आखिरी पलों में आरित के पास समय बहुत कम बचा था। सिर्फ कुछ सेकंड बचे होने के कारण वह अपनी बढ़त को जीत में नहीं बदल सके और मुकाबला ड्रॉ हो गया। यह मैच रूक बनाम दो माइनर पीसेज के एंडगेम में खत्म हुआ। गुकेश से हारने के बाद कार्लसन ने चेस बोर्ड पर गुस्सा उतारा था हाल ही में डी गुकेश का सामना करते हुए जब मैग्नस कार्लसन को हार मिली थी, तो उन्होंने अपनी झल्लाहट को खेल की मेज पर दिखाया था। हाथ पटककर उन्होंने सारे मोहरे गिरा दिए और चेस रूम से बाहर चले गए। वहीं, आर प्रागननंदा 16 वर्ष की उम्र में कार्लसन का हरा चुके हैं। नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में गुकेश से हारने के बाद वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन ने बोर्ड पर मुक्का मारा। कार्लसन के खिलाफ ड्रॉ- एक बड़ी उपलब्धि कार्लसन को शतरंज इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। वे 2013 से 2023 तक वह वर्ल्ड चैंपियन रहे हैं। उन्होंने क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज तीनों फॉर्मेट में वर्ल्ड खिताब जीते हैं।

# वेस्टइंडीज ने निकाली कंगारुओं की हेकड़ी

## जायडन सील्स-शमार जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया को 180 पर निपटाया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच के पहले दिन बुधवार (26 जून) को पहली पारी में ऑस्ट्रेलया को 180 रन पर आउट कर दिया। बारबाडोस के ब्रिजटाउन में तेज गेंदबाज जायडन सील्स और शमार जोसेफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 9 विकेट चटकाए। सील्स ने 5 और जोसेफ ने 9 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के केवल 4 बल्लेबाज ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, ब्यू वेबस्टर और पैट कमिंस दहाई का आंकड़ा पार कर पाए। ट्रेविस हेड ने सबसे ज्यादा 59 रन बनाए। इसके अलावा उस्मान ख्वाजा ने 47, पैट कमिंस ने 28 और ब्यू वेबस्टर ने 11 रन बनाए। ओपनर सैम कोनस्टास ने 3, कैमरन ग्रीन ने 3, जोश इंग्लिस ने 5, एलेक्स कैरी ने 8, मिचेल स्टार्क ने 0 और जोश हेजलवुड 4 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा नाथन लियोन 9 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने 5 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। सील्स और जोसेफ के अलावा जस्टिन ग्रेव्स सफल रहे।

### किसने किसको किया आउट

जस्टिन ग्रेव्स ने 1 विकेट लिया। उन्होंने ट्रेविस हेड को पवेलियन भेजा। जायडन सील्स ने जोश इंगलिस, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड का विकेट लिया। शमार जोसेफ ने सैम कोनस्टास, उस्मान ख्वाजा, कैमरन ग्रीन और ब्यू वेबस्टर का विकेट लिया।

### कैरेबियाई सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया का पहला टेस्ट

ऑस्ट्रेलिया की टीम 10 साल बाद कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट मैच खेल रही है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ब्रेंडन किंग ने वेस्टइंडीज के लिए डेब्यू किया। वेस्टइंडीज के कप्तान के तौर पर रस्टन चेज का पहला मैच है। उन्होंने दो साल बाद वेस्टइंडीज की टीम में वापसी की। यह उनका 50 वां टेस्ट है।

### वेस्टइंडीज की प्लेइंग 11

क्रेग ब्रैथवेट, जॉन कैंपबेल, कीसी कार्टी, ब्रैंडन किंग, रोस्टन चेस (कप्तान), शाई होप (विकेट कीपर), जस्टिन ग्रीव्स, जोमेल वारिकन, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, जेडन सील्स

### ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11

उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, कैमरून ग्रीन, जोश इंगलिस, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड



# शिखर धवन बने लेखक, लिखी किताब, धोनी से जुड़ा किस्सा किया साझा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने जीवन के संस्मरणों को कलमबद्ध किया है जिसमें रिश्तों से लेकर दोस्ती तक और मैदान के भीतर तथा बाहर के विवादों पर भी खुलकर बात की है। धवन ने अपनी किताब 'द वनः क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर के बारे में कहा, 'क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया लेकिन इस सफर में उतार चढ़ाव और खामोश पल भी रहे। इसने मुझे वह इंसान बनाया जो आज मैं हूं। मैं दिल से अपनी कहानी कह रहा हूं जो ईमानदार और किसी फिल्टर के बिना है। प्रकाशक हार्पर कोलिंस इंडिया ने कहा, 'पूरी स्पष्टवादिता और ईमानदारी के साथ लिखी गई द वन शिखर धवन के आंतरिक संवाद और उन सभी कमजोरियों की अभूतपूर्व झलक पेश करती है जिन्होंने उन्हें एक चैंपियन क्रिकेटर और संवेदनशील इंसान बनाया है। कंपनी के प्रकाशक सचिन शर्मा ने कहा, 'शिखर धवन का मैदान के भीतर और बाहर जीवन शानदार रहा है। इस संस्मरण में शिखर ने अपने जीवन, रिश्तों और हर उस अनुभव के बारे में बात की है जिसका उन्होंने सामना किया और मजबूत होकर निकले हैं। दिल्ली में पले बढ़े धवन ने बतौर विकेटकीपर शुरूआत की थी लेकिन बाद में सलामी बल्लेबाज बने। भारत के लिए 34 टेस्ट में उन्होंने 2315 रन, 167 वनडे में 6793 रन और 68 टी20 मैचों में 1759 रन बनाए हैं।

# चेस: एआईसीएफ ने खिलाड़ियों के लिए वजीफा योजना शुरू की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग की इस परियोजना का उद्देश्य जमीनी स्तर से शतरंज खिलाड़ियों को तैयार करना है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को शीर्ष राष्ट्रीय खिलाड़ी वजीफा योजना (टीएनपीएसएस) शुरू करने की



घोषणा की जो प्रतिभा विकास में मदद करने के लिए एक वित्तीय सहायता पहल है। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग की इस परियोजना का उद्देश्य जमीनी स्तर से शतरंज खिलाड़ियों को तैयार करना है। एआईसीएफ शीर्ष युवा शतरंज प्रतिभाओं के खातों में 60 हजार रुपये से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक की पहली तिमाही वजीफा राशि तुरंत भेज रहा है। अप्रैल से जून के महीनों के लिए कुल 42.30 लाख रुपये वितरित किए जाएंगे। नारंग ने कहा, ''यह सिर्फ एक योजना नहीं है। यह दर्शाता है कि हम भारत के हर युवा शतरंज खिलाड़ी पर कितना गहरा विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे इतिहास में पहली बार हम 39 लड़कियों और 39 लड़कों के भविष्य में सीधे निवेश कर रहे हैं। उन्हें अपनी प्रतिभा को सफलता में बदलने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं।''

# बर्मिंघम टेस्ट से पहले हर्षित भारतीय टीम से बाहर

**लीड्स, एजेंसी।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा इंग्लैंड दौरे पर अब भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि राणा को भारतीय टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह लीड्स से ही भारत लौटेंगे। भारतीय टीम दूसरे टेस्ट के लिए बर्मिंघम पहुंच चुकी है। हर्षित राणा को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट से ठीक पहले भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह लीड्स टेस्ट की अंतिम 11 में जगह नहीं बना सके थे। इंग्लैंड ने यह टेस्ट आखिरी दिन 371 रन के लक्ष्य पीछा कर पांच विकेट से जीता था। मिली जानकारी के मुताबिक, भारतीय टीम के एक तेज गेंदबाज को परेशानी थी। ऐसे में प्रबंधन ऐसे तेज गेंदबाज को बैकअप के रूप में रखना चाहता था, जो बाउंसर का सही इस्तेमाल करता हो। राणा सही विकल्प थे और इसी वजह से उन्हें टीम से जोड़ा गया था। लेकिन, अब सब कुछ ठीक है। इसलिए राणा को अब रिलीज कर दिया गया है। हर्षित राणा ने पिछले साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान टेस्ट डेब्यू किया था। वह दो टेस्ट खेले थे, जिसमें चार विकेट उनके नाम हैं। पर्थ में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3-48 रहा था। इंग्लैंड में, राणा को कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए पहला मैच खेलने का मौका मिला। इस मैच में भी उनका प्रदर्शन साधारण रहा था। उन्होंने 99 रन देकर एक विकेट लिए थे। साधारण प्रदर्शन के बावजूद इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए हर्षित राणा को टीम में जगह देने की आलोचना भी हुई थी। क्रिकेट विशेषज्ञ अंशुल कंबोज को बेहतर विकल्प मान रहे थे, जो गेंदबाजी के साथ-साथ निचले क्रम में बेहतरीन बल्लेबाजी भी करते हैं और भारत ए की तरफ से उनका प्रदर्शन भी अच्छा रहा था। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-2027 की शुरुआत की है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में दोनों पारियों को मिलाकर भारत की तरफ से पांच शतक लगे। इसके बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम सीरीज में 1-0 से पिछड़ चुकी है। सीरीज में बने रहने के लिए बर्मिंघम में 2 जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम इंडिया को वापसी करनी होगी।



# पंत ने टेस्ट करियर की बेस्ट रैंक हासिल की

**दुबई, एजेंसी।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत हेडिंग्ले टेस्ट में खेली गई शतकीय पारियों के बाद आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। पंत ने इंग्लैंड के लिए पहले टेस्ट की दोनों इनिंग में शतक लगाया था और ऐसा करने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से आज जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार पंत जहां 800 रेटिंग अंक के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गए है जिससे उन्होंने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। पंत 800 रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारत के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भले ही 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन पंत अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में कामयाब रहे। उन्होंने पहली पारी में 178 गेंदों पर 12 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 134 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में 140 गेंदों पर 15 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 118 रन बनाए। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पंत का स्ट्राइक रेट 75.28 था जबकि दूसरी पारी में यह बढ़कर 84.29 रहा। इसके अलावा आईसीसी ताजा टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भी शतकीय पारी के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार किया। डकेट पांच पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर आ गए हैं। इसके आलवा शुभमन गिल और अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। जबकि जो रूट 889 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर, हैरी ब्रूक 874 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए है, केन विलियमसन तीसरे और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जासवाल 851 रेटिंग अंक के साथ चौथे पायदान पर है।





# सांसद से सगाई के बाद रिंकू सिंह बनेंगे सरकारी अफसर, धोनी हैं कर्नल तो सिराज हैं DSP

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह सरकारी अफसर बनने जा रहे हैं. जी हां, सांसद प्रिया सरोज से सगाई के कुछ ही दिनों बाद उत्तर प्रदेश सरकार रिंकू सिंह को तोहफा देने वाली है. उन्हें अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली 2022 के तहत रिंकू सिंह को बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाने का फैसला लिया गया है. बता दें कि इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशक ने आदेश भी जारी कर दिया है. आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले एथलीट्स के लिए नई नीति लागू की थी. रिंकू सिंह को भी इसी नीति के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का पद दिया जा रहा है. अभी कुछ दिन पहले ही भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने 8 जून को समाजवादी पार्टी से सांसद प्रिया सरोज से सगाई की है. लखनऊ में हुए सगाई समारोह में अखिलेश यादव और जया बच्चन समेत कई VIP गेस्ट पधारे थे.

# कांग्रेस की संस्कृति रही है पहले परिवार संविधान बाद में : गिरिश गौतम

**पन्ना।** स्थानीय लव कुश वाटिका में आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान के हत्या का काला दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम जी उपस्थित थे, कार्यक्रम की शुरुआत लोकतंत्र सैनानी एवं उनके परिजनों का शाल एवं श्री फल से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, विधायक पवई प्रहलाद लोधी,पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सदानंद गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष श्री राम बिहारी चौरसिया जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संतोष यादव नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे कार्यक्रम के संयोजक श्री सुशील त्रिपाठी कार्यक्रम सहसंयोजक कमल लालवानी और प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी जी आशीष तिवारी लोकतन्त्र सैनानी श्री अवध किशोर चौबे,श्री त्रिलोक चंद्र जैन उपस्थित थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गौतम ने कहा कि आपातकाल की यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है। यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। आपातकाल लगाने




का उद्देश्य नेहरू-गांधी परिवार का सत्ता पर वर्चस्व बनाए रखने की लालसा में संविधान को रौंदने का कुत्सित प्रयास था। यह वह समय था जब संविधान को ताक पर रखकर व्यक्तिगत सत्ता की रक्षा के लिए पूरे देश को एक तानाशाही शासन के अधीन कर दिया गया था। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि 1970 के दशक की शुरुआत में भारत गंभीर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संकटों से जूझ रहा था। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और असंतोष के कारण सरकार के खिलाफ जनता में असंतोष बढ़ रहा था। इंदिरा गांधी की सत्ता को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जून 1975 को उनके निर्वाचन को अवैध घोषित कर दिया और उन्हें छह वर्षों के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराया।

इस फैसले के बाद देश भर में इंदिरा गांधी के इस्तीफे की मांग तेज हो गई। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में विपक्ष ने संपूर्ण क्रांति का नारा दिया। इन सबके बीच 25 जून 1975 की रात को राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री की सिफारिश पर देश में आपातकाल लागू कर दिया। इंदिरा गांधी ने कैबिनेट को विश्वास में नहीं लिया, आधी रात को राष्ट्रपति से चुपचाप आपातकाल लागू करवाया। संविधान की हत्या का काला दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सदानंद गौतम ने कहा कि इंद्रा इज़ इंडिया और 'इंडिया इज़ इंदिरा' नारा कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी सोच का प्रतीक था। एक व्यक्ति, एक परिवार को देश से बड़ा समझना ही कांग्रेस की वैचारिक विकृति है। आपातकाल की घोषणा के साथ ही भारत की लोकतांत्रिक संस्थाएँ रातों रात बंधक बना दी गईं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, और न्यायिक संरक्षण जैसे मौलिक अधिकार स्थगित कर दिए गए। मीडिया पर कठोर सेंसरशिप लागू कर दी गई। विरोध करने वाले हजारों नेताओं, कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, साहित्यकारों को बिना मुकदमे के जेलों में ठूंस दिया गया। 'इंदिरा इज़ इंडिया और इंडिया इज़ इंदिरा' जैसे नारे लगाने वालों को पुरस्कृत किया गया, जबकि आलोचकों को देशद्रोही बताकर प्रताड़ित किया गया। लोकतंत्र सेनानी श्री अवध किशोर चौबे ने उस समय की स्थिति को बयां करते हैं कहा

आपातकाल के इस काले दौर में वामपंथियों ने इंदिरा गांधी का भरपूर समर्थन किया। इसके बदले में उन्हें प्रशासन और शिक्षा के क्षेत्र में ऊँचे पदों पर बिठाया गया। वे इतिहास, संस्कृति और पाठ्यक्रमों में अपने वैचारिक एजेंडे को लागू करने में सफल रहे। इससे देश की भावी पीढ़ी की सोच को प्रभावित करने की कोशिश की गई। इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जनसंख्या नियंत्रण के नाम परजबरन नसबंदी का अभियान चलाया। लाखों गरीब पुरुषों को जबरदस्ती नसबंदी के लिए बाध्य किया गया। कार्यक्रम के अंत में आपातकाल काला दिवस पर आधारित प्रदर्शनी का श्री गौतम ने शुभारंभ किया कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम संयोजक श्री सुशील त्रिपाठी ने किया तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम सह संयोजक श्री कमल लालवानी ने किया।

# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, संस्कृति, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं से परिचित कराने के लिए इस वर्ष भी पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसका प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पर्यटन के प्रति जागरूकता विकसित करना, प्रदेश की पर्यटन विरासत से अवगत कराना, पर्यटन की अपार संभावनाओं तथा रोजगार के रूप में पर्यटन को अपनाने संबंधित उन्मुखीकरण करना, प्रदेश में पर्यटन विरासत का प्रचार-प्रसार करना तथा प्रदेश में प्रगतिशील पर्यटन संभावनाओं की आधारशिला तैयार करना है।

उत्सव के रूप में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इसके लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया जाएगा। संबंधित स्कूलों द्वारा क्विज प्रतियोगिता हेतु गठित टीम का पंजीयन ऑनलाइन माध्यम व निर्धारित लिंक से 25 जून से प्रारंभ हो गया है। आगामी 18 जुलाई को शाम 5 बजे तक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है। क्विज के जिला नोडल अधिकारी अशोक चतुर्वेदी ने बताया कि जिला स्तर पर प्रश्नोत्तर हल करने के बाद सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 6 टीमों को मल्टीमीडिया ऑडियो विजुअल चरण में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। इस राउंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भी सहभागी होगी। जिला स्तर पर प्रतियोगिता की तिथि 1 अगस्त को प्रातः 9 बजे से रहेगी। क्विज प्रतियोगिता की विजेता टीमों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पन्ना में क्विज मास्टर रामकिशोर गर्ग 9827716408 से संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य, सभी स्कूल संचालकों को निर्देशित किया गया है कि प्रतियोगिता के लिए अधिक से अधिक टीमों का पंजीयन कराएं। छात्र-छात्राओं से भी अपील की गई है कि क्विज प्रतियोगिता हेतु पंजीयन करवाएं।

## ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 27 जून को

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस का 27 जून को अपरान्ह 03:30 बजे त्रैमासिक निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधितजनों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## बैल से टकराया मोटरसाइकिल चालक छाती में बेल का सींग घुसने से हुई मौत




**पन्ना।** पन्ना कोतवाली थाना अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय रोड रॉयल पब्लिक स्कूल के सामने एक मोटरसाइकिल चालक सड़क पर बैठे बैल से टकरा गया जिससे बैल का सींग उसके सीने में घुस गया वह बुरी तरह घायल हो गया जिला अस्पताल लाते हुए रास्ते में उसकी मौत हो गई जानकारी के अनुसार दीपक अहिरवार पिता अशोक अहिरवार निवासी पुरुषोत्तमपुर अपने एक साथी के साथ खेजरा मंदिर की ओर गया था तथा वापस लौट रहा था इस दौरान वह बेल से टकरा गया और यह घटना घटित हुई उक्त घटना से गांव में मातम का माहौल कायम है ज्ञात की सड़कों पर आवारा पशुओं की धमा चौकड़ी रहती है जिससे लोगों का निकालना मुश्किल होता है तथा आए दिन इस प्रकार की घटनाएं घटित होती हैं एक तरफ सरकार द्वारा गौशालाएं जगह-जगह प्रारंभ की गई है तथा प्रत्येक पशु के लिए प्रतिदिन?40 रुपया आहार के लिए दिए जाते हैं उसके बावजूद आवारा पशु सड़कों पर धमा चौकड़ी करते हुए देखे जा रहे जिससे इस प्रकार की घटना घटित हो रही हैं।

# मातेश्वरी जगदंबा, नारी आध्यात्मिक क्रांति की अग्रदूत

**पन्ना।** ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा जी का जन्म 1919 में अमृतसर में एक समान्य परिवार में हुआ था उनके बचपन का नाम ओम राधे था जब मातेश्वरी जी ओम की ध्वनि का उच्चारण करती थी तो पूरे वातावरण में गहन शांति आ जाती थी इसलिए वे ओम राधे के नाम से लोकप्रिय हुई ,

मातेश्वरी जी ने 24 जून 1965 को अपने नश्वर देह का त्याग करके संपूर्णता को प्राप्त किया था इस दिवस को ब्रह्माकुमारी संस्थान के भाई बहने आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मना रहे हैं आज मातेश्वरी जी का 60 वा पुण्य स्मृति दिवस है। मातेश्वरी जगदम्बा कहां



करती थी कि मानवीय मूल्य जब आचरण में आते हैं तो प्रभावशाली बनाकर मानवीय और सामाजिक व्यवस्था को कल्याणकारी बनाते हैं मानवीय मूल्यों के अभाव में व्यक्ति दुख और अधर्म के रास्ते पर चल पड़ता है और यह दुनिया नर्क बन जाती है माननीय मूल्यों को व्यवहारिक जीवन में लाने के लिए सत्य आचरण करना आवश्यक है तभी मूल्यो से मानव मन आलोकित होता है अन्यथा मानवीय मूल्यो वाणी तक ही सिमटकर रह जाते हैं मातेश्वरी जी ने अपने व्यवहारिक जीवन में आध्यात्मिक और मानवीय मूल्यों को बहुत महत्व देती थी उनके चाल चलन और कर्म व्यवहार से मूल्य स्पष्ट रूप से झलकते थे मातेश्वरी जगदंबा और मानवीय मूल्य एक दूसरे के पूरक बन गए थे मातेश्वरी जी ने ब्रह्माकुमारी संस्था के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा का दिया गया प्रत्येक आदेश ईश्वर के आदेश जानकार जिसको पूरा करने के लिए वे सदा तत्पर रहती थी आज के दिवस पर बहन जी ने सभी को मातेश्वरी जगदंबा के संस्मरण को स्मृति दिलाते हुए उनके बताए हुए रास्ते को अनुकरण करने के लिए सभी ने संकल्प किया।

## गड्ढे में भरे पानी में डूबने से 7 वर्षीय आदिवासी बालक की मौत

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना एवं हनुमतपुर चौकी अंतर्गत स्व सहायता समूह द्वारा खुदवाए गए गड्ढे में डूबने से 7 वर्षीय आदिवासी बालक की डूबने से मौत हो गई है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार अरविंद कोदर पिता भूरा कोंदर उम्र लगभग 7 वर्ष निवासी हनुमतपुर बीते 24 जून 2025 को शाम 4 बजे स्कूल से लौटा था और बच्चों के साथ गांव से लगभग 1 किलोमीटर दूर जामुन के पेड़ के पास खेलने चला गया था जहां रास्ते में खुदे हुए लगभग 10-10 फिट गहरे गड्ढे जिनमें बारिश का पानी भर चुका है उसकी चपेट में आ गया जब तक परिवार वालों को कुछ पता चला और वह मौके पर पहुंचे तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी पोस्टमार्टम के लिए अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीएम हाउस भेजा गया है मासूम बच्चे की मौत से परिवार में कोहरा मच गया है एवं गांव में भी मातम का माहौल बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इन गड्ढों में कुछ दिन पूर्व तीन भैंसें गिर गई थी जिन्हें ट्रैक्टर से खींचकर निकाला गया था उसके बाद एक और भैंस गिर गई थी जिसे जेसीबी मशीन से निकाला गया था इस प्रकार यह गड्ढे लगातार हादसों का कारण बन रहे हैं।

# चलती ट्रेन से प्लेटफॉर्म पर कूदा यात्री, जीआरपी ने पकड़कर तलाशी ली तो मिला खजाना

**सतना**

मध्यप्रदेश के सतना रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक यात्री के पास से बिना हिसाब-किताब की 30 किग्रा 618 ग्राम चांदी पकड़ी है। जब्त माल में चांदी के गहने भी शामिल हैं। पकड़ी गई चांदी का बाजार मूल्य 34 लाख 88 हजार रुपए आंका गया है। जिस यात्री के पास से चांदी मिली है वह सतना में सोना-चांदी सप्लाई करने



वाला ऐजेंट है। पकड़ा गया आरोपी उत्तर प्रदेश के मथुरा का रहने वाला है।

जीआरपी ने बताया कि सुबह साढ़े 4 बजे महाकौशल एक्सप्रेस दिल्ली से आकर प्लेटफॉर्म एक पर खड़ी हुई। पांच-दस मिनट के स्टॉपेज के बाद ट्रेन जब जबलपुर तरफ जाने लगी तो एसी थर्ड कोच से एक युवक दो पिट्ठू बैग टांगे प्लेटफॉर्म पर कूदा। प्लेटफॉर्म पर मौजूद पुलिसकर्मियों को शंका हुई कि ट्रेन जब खड़ी थी तब यात्री क्यों नहीं उतरा, जब यात्री को रोकर पूछा तो उसके चेहरे से हवाईयां उड़ने लगीं। संदेह होने पर उसे चौकी ले जाया गया जहां दोनों बैग की तलाशी लेने पर चांदी और आभूषण मिले।

पूछताछ में युवक ने अपना नाम पंकज सोनी निवासी चौक बाजार मंडी रामदास गली कंश मथुरा थाना गोविनन्द नगर जिला मथुरा यूपी का होना बताया। उसके पास चांदी व आभूषण के बिल नहीं थे। जीआरपी प्रभारी राजेश राज ने बताया कि सतना के सराफा बाजार में कुछ एजेंट ब्लैक में चांदी बेच जाते हैं। पहले भी इसी तरह सोने-चांदी के साथ मथुरा के एजेंट पकड़े गए हैं। मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## फिटनेस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना मार्शल आर्ट क्लासेस के चार खिलाड़ी भोपाल

### टैलेंट सर्च खेल ट्रायल्स में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

**पन्ना।** फिटनेस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना मार्शल आर्ट क्लासेस के चार खिलाड़ी भोपाल के लिए रवाना होंगेजहां वे टैलेंट सर्च 2025 के अंतर्गत आयोजित ट्रायल्स में भाग लेंगे। यह ट्रायल्स दिनांक 26 जून से 28 जून 2025 तक भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। पन्ना जिले से जूडो खेल में पीयूष विश्वकर्मा एवं रामप्रकाश विश्वकर्मा जबकि कराते में रचित अहिरवार एवं दिव्या अहिरवार अपने.अपने




खेल का प्रदर्शन करेंगे। प्रशिक्षक इरफान खान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टैलेंट सर्च कार्यक्रम प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य होनहार खिलाड़ियों को प्रदेश एकेडमी भोपाल में प्रशिक्षण और अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि पीयूष एवं रामप्रकाश का चयन पहले ही छतरपुर ट्रायल्स के माध्यम से भोपाल के लिए किया गया थाए जबकि कराते खिलाड़ियों के ट्रायल्स सीधे भोपाल में होगा खिलाड़ी अपनी कोच हर्षिता विश्वकर्मा से नियमित रूप से कराते की ट्रेनिंग लेती हैं और पहली बार राज्य स्तरीय ट्रायल्स में भाग लेंगी।

## सेवानिवृत्ति शिक्षक एवं साहित्यकार भीम नारायण पटेरिया का दुखद निधन



**पन्ना**

शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी प्रगति कुमार पटेरिया के पिता श्री भीम नारायण पटेरिया का 25 जून कोलगभग 4ः00 बजे रीवा मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में ही दुखद निधन हो गया है । श्री पटेरिया लगभग 80 वर्ष के थे। जिनका पार्थिव शरीर देर शाम पन्ना निज निवास लाया गया है।

सेवानिवृत्ति शिक्षक भीम नारायण पटेरिया काव्य प्रेमी थे और उनके द्वारा कई काव्य रचनाओं का लेखन किया गया है। जिनकी पुस्तकों का भी विमोचन हो चुका है। श्री पटेरिया का कल दिनांक 26 जून 2025 को सुबह 10ः00 बजे निज निवास बड़ा बाजार से इंद्रपुरी कॉलोनी मुक्तिधाम अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। श्री पटेरिया के दुखद निधन पर पन्ना शहर के शिक्षा जगत से जुड़े लोगों , नगर के व्यापारियों ,पत्रकार बंधुओ एवं समाज सेवायों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतआत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## छह वर्ष से अनुपस्थित शिक्षक बाल्मिक बागरी को जिला शिक्षा अधिकारी ने नोटिस किया जारी

**पन्ना।** शाह नगर विकासखंड में अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल मेंहा मैं पदस्थ शिक्षक बाल्मिक बागरी अपने विद्यालय से विगत छह वर्ष से अनुपस्थित चल रहे थे लेकिन उनकी वेतन लगातार विद्यालय से निकल रही थी जिसको लेकर समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित किए गए उक्त मामले को जिला शिक्षा अधिकारी रवि खरे द्वारा संज्ञान में लिया गया तथा संबंधित को नोटिस जारी करते हुए चार सदस्यों की एक जांच टीम गठित की गई है जिसमें हुकम सिंह यादव विकासखंड शिक्षा अधिकारी पवई अमित श्रीवास्तव विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शाहनगर नगर संतोष गौतम प्राचार्य हाई स्कूल करही सुजान कृष्णा वाला लिपिक शासकीय हाई स्कूल सलेहा मामले की जांच करेंगे तथा रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपेंगे।

# अवैध खनन का हब बना जैतुपुर, बेलगाम खनन जारी

### जंगल और राजस्व क्षेत्र में हो रहा बेतहाशा अवैध उत्खनन, दबंगों ने सडक किनारे खड़ा कर दिया मलवे का पहाड़

**पन्ना**

खनिज संपदा के लिए देशभर में प्रसिद्ध पन्ना जिला इन दिनों अवैध खनन के बड़े अड्डे में तब्दील होता जा रहा है। जिले के सुदूर अंचलों में जंगल और राजस्व क्षेत्र की जमीनें बेतहाशा ढंग से खोदी जा रही हैं। खनन माफिया इतने बेखौफ हैं कि अब सड़क किनारे ही पत्थर निकालकर उसका मलवा फेंकना शुरू कर चुके हैं, जिससे साफ है कि उन्हें प्रशासन या विभागों की कोई परवाह नहीं रह गई है। ताजा मामला गुनौर विकासखंड अंतर्गत सलेहा क्षेत्र के जैतुपुर गांव का है, जहां सैकड़ों खदानें खुद चुकी हैं। कई खदानें राजस्व क्षेत्र में तो कई प्रत्यक्ष रूप से वन भूमि पर चलाई जा रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो यह खनन कोई आज की बात नहीं, बल्कि वर्षों से चल रहा है। दबंग खननकर्ताओं ने तो अब हद ही पार कर दी है। मुख्य सड़क के दोनों ओर खनन मलवा भर दिया गया है। कई जगहों पर तो सड़क किनारे ही खदानें खोद दी गई हैं, जिससे राहगीरों को भी खतरा बना रहता है। खदान के लिए बकायदा प्लास्टिंग होती है, जिससे ग्रामीण हमेशा भयभीत रहते हैं, यहां तक जैतुपुरा के सार्वजनिक तालाब, पानी टंकी आदि को भी अतिक्रमणकारी खनन माफियाओं ने अपने कब्जे में ले रखा है और यहां बेतहाशा उत्खनन किया जा रहा है। यह संभव ही नहीं हैं कि इतने बड़े स्तर पर हो रहे अवैध करोबार की भनक प्रशासन या जिम्मेदार अधिकारियों को न हो। बावजूद इसके अवैध खनन बेरोक-टोक जारी है।

### छजौरा-पटना तमोली तक पहुंचता है पत्थर

इन अवैध खदानों से निकाले गए फर्शी पत्थर और बोल्डर ट्रैक्टर व ट्रकों के माध्यम से छजौरा, पटना तमोली जैसे इलाकों तक पहुंचाए जाते हैं, जहां खुलेआम इनका भंडारण और बिक्री होती है। पटना-तमोली मुख्य मार्ग के किनारे ही पहाड़ी तलहटी में बड़े क्षेत्र पर फर्शी पत्थरों का ढेर साफ देखा जा सकता है। स्थानीय लोग, दबंगों के डर से इस मुद्दे पर कुछ बोलने से कतराते हैं, जबकि मामला अब प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और पर्यावरणीय असंतुलन का रूप ले चुका है।

### विभागीय चुप्पी, न खनिज बोले, न प्रशासन जागा

पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि न तो खनिज विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई की है और न जिला प्रशासन आगे आया है। वन विभाग के आला वरिष्ठ अधिकारी डीएफओ अनुपम शर्मा ने मामले पर निष्पक्ष जांच की बात कही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खनन राजस्व क्षेत्र में हो रहा है, वन सीमा से बाहर है। फिर भी जांच कराई जाएगी।

### इनका कहना है

*वन क्षेत्र में कहीं भी अवैध खनन की शिकायत नहीं हैं, जैतुपुर हरदुआ आदि क्षेत्र में जो खनन हो रहा है, वह वन सीमा से 10 मीटर बाहर है। वन सीमा के पास भी यदि अवैध खनन हो रहा है, तो हम जांच करायेंगे, और कार्यवाही की जायेगी।*

**अनुपम शर्मा, वन मंडलाधिकारी दक्षिण वन मंडल पन्ना।**

*आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है, यदि ऐसा अवैध उत्खनन हो रहा है, तो निश्चित तौर पर कार्यवाही की जायेगी।*

**सुरेश कुमार, कलेक्टर पन्ना**

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, शुक्रवार 27 जून 2025




म.प्र. शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय भोपाल एवं कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में टीआसएस कालेज रीवा (म.प्र.) में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अन्तर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के श्रृंखला में प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।




## भविष्य की ऊर्जा आवश्यकता नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से ही होगी पूरी : कलेक्टर

### सौर ऊर्जा की कार्यशाला में दी गई पीएम सूर्यघर और पीएम कुसुम योजना की जानकारी

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद की विशेष पहल पर सौर ऊर्जा की संभागीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना तथा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तकनीकी और सैद्धातिंक पक्षों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि भविष्य की ऊर्जा आवश्यकता नवकरीण ऊर्जा स्त्रोतों से ही पूरी होगी। सूर्य ऊर्जा का अक्षय भण्डार है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों में हुई तकनीकी प्रगति से इस क्षेत्र में तेजी से विस्तार हुआ है। सौर ऊर्जा प्रदूषण रहित, सुरक्षित और कम लागत में अधिक लाभ देने वाली प्रणाली है। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना और प्रधानमंत्री कुसुम योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। इनके माध्यम से किसान बिजली बिलों से मुक्ति पाने के साथ अतिरिक्त बिजली फीडर में देकर लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। अनुपजाऊ और पड़ती भूमि में बड़े सोलर सिस्टम लगाकर महीने में लाखों रुपए की आमदनी प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर ने कहा कि मध्यप्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम किया जा रहा है। रीवा में अल्ट्रा मेगा सोलर प्लांट से 750 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। रीवा में कई शासकीय कार्यालयों और बड़े संस्थानों में सोलर पावर प्लांट लगाए गए हैं। ऊर्जा विभाग तथा अन्य सभी विभाग मिलकर नवकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए लगातार लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। पीएचई विभाग की नलजल योजनाओं, नगर निगम में स्ट्रीट लाइट, नेशनल हाईवे में स्ट्रीट लाइट तथा सभी नगरीय निकायों में स्ट्रीट लाइट के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा सकता है। सौर ऊर्जा की योजनाओं की जानकारी के साथ



उनमें अनुदान का लाभ, बैंकों से ऋण की सुविधा तथा सभी प्रमुख बातों का उल्लेख करते हुए पम्पलेट के माध्यम से आमजनता तक जानकारी पहुंचाएं।

कार्यशाला में कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि किसान अपना हानि-लाभ जानते हैं। सौर ऊर्जा से सिंचाई पंप तथा घरेलू उपयोग की पूरी बात किसानों को ठीक से समझाने पर योजना का तेजी से क्रियान्वयन होगा। सौर ऊर्जा से मिलने वाला लाभ ही इसका सबसे बड़ा आकर्षण है। घरेलू उपयोग तथा सिंचाई पंप के लिए सौर ऊर्जा के उपयोग की तकनीकी जानकारी, लागत और लाभ सरल भाषा में आमजनता तक पहुंचाना आवश्यक है। किसान यदि अपनी जमीन पर एक से दो मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र लगाता है तो उसे खेती की तुलना में अधिक आर्थिक आय होने पर ही इसे सफलता मिलेगी। कार्यशाला में एनएसईएफआई के प्रतिनिधियों ने सौर ऊर्जा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला में बताया गया कि देश में बिजली की कुल खपत का 21 प्रतिशत सिंचाई के लिए होता है। मध्यप्रदेश में यह प्रतिशत बढ़कर 29 है। किसानों के सिंचाई पंप यदि सौर ऊर्जा से चलने लगें तो इस बिजली का अन्य क्षेत्र में उपयोग संभव होगा। सौर ऊर्जा से चलने वाले सिंचाई पंपों में वोल्टेज कम होने, बिजली गोल होने और लाइन लॉस भी शून्य होगा। किसानों को सिंचाई के लिए किसी तरह का बिल नहीं देना पड़ेगा। किसान को तीन हार्सपावर तक के सोलर पंप लगाने पर लगभग 90 प्रतिशत की छूट मिलेगी। किसान केवल 9500 रुपए देकर सोलर सिंचाई पंप लगा सकते हैं। सौर ऊर्जा उत्पादन के दो मेगावाट के संयंत्र के लिए 7.5 एकड़ जमीन की आवश्यकता होगी। इसकी लागत लगभग 7 करोड़ रुपए है जिसमें लगभग 65 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। इसमें संयंत्र स्थापित करने के बाद बिजली ग्रिड में देने के लिए 25 साल का अनुबंध करना आवश्यक होगा। इससे हर महीने तीन से चार लाख रुपए की आमदनी होगी। बैंक लोन लेने पर 12 साल में ऋण की राशि अदा हो जाती है और लगभग 20 साल तक नाममात्र के खर्चे पर तीन से चार लाख रुपए महीने की आमदनी होती है। इसे बिजली ग्रिड से पाँच किलोमीटर के दायरे में ही स्थापित करने की सुविधा है।

कार्यशाला में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों तथा पीएम सूर्यघर एवं पीएम कुसुम योजना की बिन्दुवार जानकारी दी गई। बैठक में स्टेट बैंक के प्रतिनिधियों ने सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए दी जा रही ऋण और अनुदान सुविधा की जानकारी दी।

## रीजनल इंडस्ट्री स्किल एण्ड इम्प्लायमेंट कॉन्क्लेव आज

**रीवा।** शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा 27 जून को मोहन सभागार में रीजनल इंडस्ट्री स्किल एण्ड इम्प्लायमेंट कॉन्कलेव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे आरंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रतलाम से वर्चुअली उद्बोधन होगा। प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यक्रम के लिए संपूर्ण व्यवस्थाएं तथा उद्यमियों की भागीदारी के लिए कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी को प्रभारी बनाया गया है। अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंको से स्वरोजगार योजनाओं के ऋण प्रकरण स्वीकृत कराकर कार्यक्रम में वितरण के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रबंधक ग्रामीण आजीविका परियोजना को स्वसहायता समूहों की कार्यक्रम में भागीदारी एवं पाँच हितग्राहियों को हितलाभ वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अन्त्यावसायी सहकारी विकास निगम, जिला प्रबंधक खादी ग्रामोद्योग, जिला संयोजक आदिमजाति कल्याण विभाग, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग, उप संचालक पशुपालन, सहायक संचालक उद्यानिकी, उप संचालक मछली पालन तथा महाप्रबंधक उद्योग को उनके विभाग की स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को कार्यक्रम में हितलाभ वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। प्राचार्य आईटीआई पीएम विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों तथा परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण को पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों के हितलाभ वितरण के निर्देश दिए गए हैं।

## नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

रीवा

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 मई से प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए। विद्यार्थी ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो। विद्यार्थी 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा में आगामी सत्र में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर को रीवा और मऊगंज जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। इसके आधार पर तैयार मेरिट सूची के अनुसार विद्यार्थियों को कक्षा 6 में प्रवेश दिया जाएगा। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ और विवरण नवोदय डॉट जीओभी डॉट इन लिंक पर भी प्राप्त की जा सकती हैं। इसका आवेदन पत्र वेबसाइट सीबीएसईआईटीएमएस डॉट आरईआईएल डॉट जीओभी डॉट इन पर किया जा सकता है।

## त्रैमासिक सत्यापन के लिए आज खुलेगा ईव्हीएम वेयरहाउस

**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ईव्हीएम वेयरहाउस का प्रत्येक त्रैमास में सत्यापन किया जाता है। रीवा में 27 जून को त्रैमासिक सत्यापन के लिए शाम 5 बजे ईव्हीएम वेयरहाउस कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल की उपस्थिति में खोला जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से इस अवसर उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

## धान और हाइबिड धान में खाद के संतुलित उपयोग की सलाह

**रीवा।** उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसानों को धान और हाइब्रिड धान में खाद के संतुलित उपयोग की सलाह दी है। उप संचालक ने कहा है कि सभी किसान अपने खेत की माटी की जाँच करा लें। इससे प्राप्त मृदा स्वास्थ्य कार्ड में खेत की माटी में पाए जाने वाले पोषक तत्वों और कमी की जानकारी दर्ज रहती है। साथ ही उसमें फसल के अनुसार खाद के संतुलित उपयोग की भी मात्रा लिखी रहती है। उसी के अनुसार खाद का उपयोग करें। अधिक मात्रा में खाद का उपयोग किसान के लिए आर्थिक बोझ होने के साथ-साथ फसल और मिट्टी के लिए भी हानिकारक होता है। धान की सामान्य किस्म के लिए प्रति हेक्टेयर चार बैग चार किलो यूरिया और एक बैग 37 किलो डीएपी का उपयोग करें। इसके विकल्प के रूप में चार बैग 37 किलो यूरिया और पाँच बैग सिंगल सुपर फास्फेट अथवा चार बैग पाँच किलो यूरिया और दो बैग 25 किलो 12-32-16 खाद का उपयोग कर सकते हैं। इसके अन्य विकल्प के रूप में चार बैग तीन किलो यूरिया, तीन बैग सिंगल सुपर फास्फेट और दो बैग 16-16-16 खाद का उपयोग भी किया जा सकता है। उप संचालक ने बताया कि शंकर अथवा हाइब्रिड धान के लिए 22 किलो यूरिया एवं दो बैग 9 किलो डीएपी का उपयोग करें। इसके विकल्प के रूप में पाँच बैग 36 किलो यूरिया एवं सात बैग 25 किलो सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग किया जा सकता है। इसके तीसरे विकल्प के रूप में तीन बैग 33 किलो यूरिया तथा तीन बैग 38 किलो 12-32-16 खाद अथवा चार बैग 16 किलो यूरिया, तीन बैग 20-20-0-13 तथा तीन बैग 38 किलो सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग करें। इसके एक अन्य विकल्प के रूप में पाँच बैग 29 किलो यूरिया, तीन बैग् 16-16-16 एवं तीन बैग 25 किलो सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग कर सकते हैं। फसलों में खाद के संतुलित उपयोग से ही अच्छी फसल प्राप्त होगी।

## जिले में अब तक 111.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में 26 जून को 3.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 111.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 118.1 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 87.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 155 मिलीमीटर, सिरमौर में 169.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 45 मिलीमीटर, सेमरिया में 150 मिलीमीटर, मनगवां में 92 मिलीमीटर तथा जवा में 74 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 30.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान से प्राचीन बावड़ी को मिला पुर्नजीवन

**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान प्राचीन जल स्त्रोतों के पुर्नरूद्धार के लिये वरदान साबित हो रहा है। इस अभियान से ऐतिहासिक व प्राचीन कुओं, बावड़ियों, जलाशयों, छोटे-छोटे सरोबरों आदि के पुर्नरूद्धार के कार्य किये गये। जल को संरक्षित करने में यह अभियान मददगार साबित हुआ। जिले के खजुहा कला में जनसहयोग एवं जन अभियान



परिषद के पर्यावरण वाहिनी संस्था के प्रयासों से प्राचीन बावड़ी को नया जीवन मिला। यह बावड़ी सूखी हुई था तथा इसमें झाड-झंखाड उग आये थे। जल गंगा संवर्धन अभियान में इसकी साफ सफाई हुई और अब वर्षाकाल में इसमें जल संग्रहण हो रहा है। ग्रामवासी प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ह्रदय से धन्यवाद देते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रशंसा कर रहे हैं। वह कहते हैं कि मुख्यमंत्री जी की सोच से यह अभियान संचालित हुआ और जल संरक्षण के कार्य कराये गये।

## नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक स्थगित

**रीवा।** संभागीय नजूल भूमि निर्वर्तन समिति की 27 जून को कमिश्नर कार्यालय में प्रस्तावित बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। बैठक की आगामी तिथि की पृथक से सूचना दी जाएगी।

## अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों को नीट, क्लैट और जेईई की कोचिंग का अवसर

**रीवा।** अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति के मध्यप्रदेश के मूल निवासी विद्यार्थियों को नीट, क्लैट और जेईई प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। आकांक्षा योजना के तहत कक्षा 10वीं 60 प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण कर कक्षा 11वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को यह सुविधा दी जा रही है। इस संबंध में जिला संयोजक कमलेश्वर सिंह ने बताया कि आकांक्षा योजना के तहत जेईई की कोचिंग के लिए भोपाल में दो सौ सीट उपलब्ध हैं। नीट की कोचिंग के लिए इंदौर में दो सौ सीटें उपलब्ध हैं तथा क्लैट की कोचिंग के लिए जबलपुर में दो सौ सीटें उपलब्ध हैं। अनुसूचित जनजाति के चुने हुए विद्यार्थियों को कोचिंग की निःशुल्क सुविधा के साथ आवास, पुस्तकें, स्टेशनरी, टैबलेट तथा इंटरनेट डेटा प्लान की भी निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। कोचिंग की अवधि दो वर्ष की होगी। निर्धारित कोचिंग संस्थानों द्वारा प्रवेश परीक्षा के माध्यम से मेरिट के अनुसार विद्यार्थियों का चयन किय जाएगा। इसके लिए कक्षा 10वीं उत्तीर्ण जनजाति के विद्यार्थी एमपीटॉस पोर्टल ट्राईबल डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 18002333951 पर संपर्क कर अन्य जानकारियाँ प्राप्त की जा सकती हैं।

## कृषक संजय सिंह अब धस्प्रकलर से करेंगे सिंचाई, पानी की होगी बचत



**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान जल के संरक्षण के साथ ही पानी के कम से कम उपयोग का अभियान है। इस अभियान में विभिन्न विभाग जल संरक्षण व जल की बचत के लिये कार्य कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में कृषि विभाग द्वारा किसानों को कम पानी से अधिक सिंचाई के उद्देश्य से धस्प्रकलर सेट प्रदान किये गये हैं।

जिले के बरहदी ग्राम निवासी कृषक संजय सिंह को अभियान के दौरान कृषि विभाग द्वारा 10 नग धस्प्रकलर नोजल एवं 60 नग पाइप प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत प्रदान किये गये। कृषक संजय सिंह बताते हैं कि धस्प्रकलर के माध्यम से सिंचाई में कम पानी लगेगा तथा अधिक फसल का उत्पादन होगा। कृषक श्री सिंह अन्य कृषकों को भी धस्प्रकलर के उपयोग की सलाह देते हुए शासन द्वारा संचालित योजनाओं के लिये मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देते हैं।

## मऊगंज जिले के आदर्श ग्राम में हुआ बोरी बंधान कार्य

**मऊगंज।** जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण की दिशा में प्रभावी व कल्याणकारी सिद्ध हुआ है। मऊगंज जिले के आदर्श ग्राम मुदरिया चौबान में जनसहयोग से किये गये बोरी बंधान कार्य से जहां गांव के जल स्तर में वृद्धि हुई नहीं दूसरी ओर पशु पक्षियों के लिये गर्मी में पानी की उपलब्धता हुई।

जन अभियान परिषद के नवांकुर सेवा संस्थान के सहयोग से ग्रामवासियों के समवेत प्रयासों से गांव में बोरी बंधान का कार्य हुआ। ग्रामवासी बोरी बंधान के कार्य से काफी खुश हैं। वह कहते हैं कि मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित हुआ और पानी को बचाने के कार्य कराये गये। हम सब मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देते हैं।

## मध्यप्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं इससे खुलेंगे उन्नति के द्वार : उप मुख्यमंत्री

### पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच हुआ समझौता

**रीवा।** लखनऊ में उत्तरप्रदेश तथा मध्यप्रदेश के बीच पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए समझौता पत्रक पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि किसी क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति, हरित क्रांति और पर्यटन क्रांति आने पर उस क्षेत्र का तेजी से विकास होता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रयासों से मध्यप्रदेश में अधोसंरचना विकास संस्कृति के संरक्षण और पर्यटन के विकास के लिए अच्छे प्रयास किए जा रहे हैं। आज मध्यप्रदेश पर्यटन क्षेत्र में असीम संभावनाओं के कारण



निवेश का आकर्षक क्षेत्र बन गया है। समारोह में पर्यटन, संस्कृति और धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धमेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि वर्तमान में पर्यटन उद्योग वैश्विक अर्थव्यवस्था में सबसे तेजी से बढ़ते हुए क्षेत्रों में से एक है। मध्यप्रदेश अपने प्राकृतिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक पर्यटन स्थलों के कारण सबके आकर्षण का केन्द्र है। प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा देने की नीति से इस क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है।

इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश सांस्कृतिक रूप से एक-दूसरे से जुड़े हैं। हमारे रीति-रिवाज, त्यौहार, खान-पान सब एक जैसे हैं। माँ गंगा से माँ नर्मदा तक की यात्रा पर्यटकों को सुखद अनुभूति प्रदान करेगी। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति श्री शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से मध्यप्रदेश भारत का एक समृद्ध प्रदेश है। गंगा और नर्मदा पर्यटन कॉरिडोर की प्रस्तावित परियोजना से मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों को जोड़ा जाएगा। पर्यटन केवल अर्थव्यवस्था ही नहीं बल्कि सांस्कृति जुड़ाव और सामाजिक समावेश का भी माध्यम है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के पर्यटन व्यवसाइयों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रेवल एजेंट्स और होटल व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए लखनऊ के होटल ताजमहल में मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा पर्यटन शो का आयोजन किया गया। रोड शो में मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यर्टन की झलक दिखाई गई।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833